DELHI CRIME 13 oct 2022:Layout 1 10/12/2022 10:57 PM Page 1

निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र विचार व अपराध निरोधक

दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा

DELHI CRIME WA BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA

Website- Delhicrimepress.in
Email-info@delhicrimepress.in

वर्ष-01 | वीरवार 13 अक्टूबर 2022 | पीडीएफ अंक-176 | पृष्ठ-8 | मूल्य-निःशुल्क

मौसम

अधिकतम –29 | सूर्योदय – 6 : 20
न्यूनतम – 21 | सूर्यास्त – 5 : 53

सोना चांदी

सोना – 52300.00 प्रति 10 ग्र चांदी – 59600.00 किलो

अर्थसार

सैंसेक्स –57245.30 | निफ्टी – 16783.53
रु/यूएस डॉलर – 82.13 | रु/यूरो – 79.93

प्रधानमंत्री 13 अक्टूबर को हिमाचल प्रदेश के ऊना और चंबा जाएंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को हिमाचल प्रदेश का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बुधवार को एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 13 अक्टूबर को हिमाचल प्रदेश का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री ऊना में हिमाचल रेलवे स्टेशन से वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री एक सार्वजनिक समारोह में आ-ईआईआईटी ऊना को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और ऊना में बल्क ड्रग पार्क की आधारशिला रखेंगे। उसके बाद चंबा में एक सार्वजनिक समारोह में प्रधानमंत्री दो जलविद्युत परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएस-ावाई)-III का भी शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के आह्वान ने देश को सरकार की विभिन्न नई पहलों के समर्थन के माध्यम से कई क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ाया है।

ऐसा ही एक प्रमुख क्षेत्र फार्मास्यूटिकल्स है, और इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता लाने के लिए, प्रधानमंत्री ऊना जिले के हरोली में बल्क ड्रग पार्क की आधारशिला रखेंगे, जिसे 1900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया जाएगा। पार्क एपीआई आयात पर निर्भरता को कम करने में मदद करेगा। इससे लगभग 10,000

करोड़ रुपये के निवेश को आकर्षित करने और 20,000 से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करने की उम्मीद है। यह क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ऊना को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसकी आधा-रशिला 2017 में प्रधानमंत्री द्वारा रखी गई थी। वर्तमान में इस संस्थान में 530 से अधिक छात्र अध्ययन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नई वंदे भारत एक्सप्रेस के उद्घाटन अभियान को भी हरी झंडी दिखाएंगे। अंब अंदौरा से नई दिल्ली के लिए चलने वाली, यह देश में शुरू की जाने वाली चौथी वंदे भारत ट्रेन होगी और पहले की तुलना में एक उन्नत संस्करण है, जो बहुत हल्का है और कम अवधि में उच्च गति तक पहुंचने में सक्षम है। यह महज 52 सेकेंड में 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ लेती है। ट्रेन की शुरूआत से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने और यात्रा का एक आरामदायक और तेज तरीका प्रदान करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री दो जल विद्युत परियोजनाओं - 48 मेगावाट चंजू-III हाइड्रो-इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट और 30 मेगावाट देवथल चंजू हाइड्रो-इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट की आधारशिला रखेंगे। इन दोनों परियोजनाओं से सालाना 270 मिलियन यूनिट बिजली पैदा होगी और हिमाचल प्रदेश को इन परियोजनाओं से लगभग 110 करोड़ रुपये का वार्षिक राजस्व मिलने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री राज्य में लगभग 3125 किलोमीटर सड़कों के उन्नयन के लिए हिमाचल प्रदेश में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई)-क्क्क का भी शुभारंभ करेंगे। केंद्र सरकार द्वारा इस चरण के तहत राज्य के 15 सीमा और दूर-दराज के ब्लॉकों में 440 किलोमीटर सड़कों के उन्नयन के लिए 420 करोड़ रुपये से अधिक की मंजूरी दी गई है।

न्यूज फ्लैश

राष्ट्रीय डाक टिकट प्रदर्शनी 11-15 फरवरी 2023 तक प्रगति मैदान में होगी आयोजित

नई दिल्ली। राष्ट्रीय डाक सप्ताह के उत्सव के मौके पर राष्ट्रीय डाक टिकट प्रदर्शनी की घोषणा की गई। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत अगले साल 11 फरवरी से 15 फरवरी तक आयोजित होने वाली डाक टिकट प्रदर्शनी में 1400 से ज्यादा डाक टिकटों को प्रदर्शित किया जाएगा। डाक सप्ताह के तहत नई दिल्ली में मेघदूत भवन में आयोजित एक समारोह में इस प्रदर्शनी का लोगो अमृतपेक्स -2023 को जारी किया गया। इस मौके पर महानिदेशक आलोक शर्मा, अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता कुमार, मुख्य महा डाकपाल मंजू कुमार मौजूद थे। इस अवसर पर महानिदेशक (डाक सेवाएं) द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव पर पांच विशेष आवरण का एक सेट भी जारी किया गया । मेघदूत गैलरी में प्रदर्शित डाक टिकटों के माध्यम से अपने डाक विभाग अपनी समृद्ध ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों एवं से-वाओं को प्रदर्शित करती है। राष्ट्रीय डाक प्रदर्शनी में कई थीम रखे गए हैं जिसमें आजादी का अमृत महोत्सव और नया भारत, युवा शक्ति, नारी शक्ति उपलब्धियां @ 75, प्रकृति और वन्य जीवन तथा संस्कृति और इतिहास अनेकता में भारत की एकता का जश्न शामिल है।

उपमुख्यमंत्री ने स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में मशाल जलाकर वार्षिक एथलीट मीट का शुभारंभ किया

नई दिल्ली। उपमुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को ईस्ट विनोद नगर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में एजुकेशन जोन-2 के वार्षिक एथलीट मीट का उद्घाटन किया तथा मशाल जलाकर एथलीट मीट का शुभारंभ किया। तीन दिन तक इस एथलीट मीट में जोन-2 के विभिन्न स्कूलों के 900 से अधिक छात्र भाग ले रहे है। इस मौके पर सिसोदिया ने एथलीट मीट में भाग ले रहे छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह उभरते खिलाड़ी अपनी मेहनत व प्रतिभा के दम पर आगे चलकर विश्वस्तरीय प्रतिस्पधाओं में मेडल जीतकर दिल्ली व देश को गौरवान्वित करेंगे। सिसोदिया ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्त्व में दिल्ली सरकार स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने का काम कर रही है। इसका उदाहरण ईस्ट विनोद नगर का मॉडर्न लुक लिए यह स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स है। जहां आज से 4 साल पहले तक कंकड़ और गड्ढों से भरा एक ट्रैक हुआ करता था लेकिन खेल को बढ़ावा देने के केजरीवाल के विजन के साथ यहां अंतराष्ट्रीय स्तर का सिंथेटिक ट्रैक विकसित किया गया व अन्य बहुत सी सुविधाएं विकसित की गई। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने न केवल ईस्ट विनोद नगर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स बल्कि दिल्ली के सारे स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स को शानदार बनाने का काम किया है। सिसोदिया ने आगे कहा कि, आज से 4.5 साल पहले मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कोई खिलाड़ी ओलम्पिक, कामनवेल्थ गेम्स, एशियाई गेम्स में पदक जीतते है तो उनपर पुरस्कारों की बौछार होती है, लेकिन जब एक खिलाड़ी मेडल जीतने के लिए मेहनत कर रहा होता है, ट्रेनिंग कर रहा होता है व संघर्ष कर रहा होता है तो उस समय उसकी मदद के लिए कोई आगे नहीं आता। मुख्यमंत्री जी के आदेश पर हमने इन संघर्ष कर रहे खिलाडियों के लिए एक अनोखी योजना बनाई जो देश में और कही नहीं है। ये दोनों योजनाएँ है प्ले एंड प्रोग्रेस योजना व मिशन एक्सीलेंस योजना। उन्होंने बताया कि केजरीवाल सरकार अपने प्ले एंड प्रोग्रेस योजना के तहत 13-14 साल के प्रतिभाशाली खिलाडियों को प्रतिवर्ष 2.5 लाख रुपए तक की आर्थिक सहायता प्रदान करती है वहीँ मिशन एक्सीलेंस के तहत राष्ट्रीय-अंतराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को प्रतिवर्ष 16 लाख रुपए तक की मदद दी जाती है। और आर्थिक सहायता पाने वाले इन सभी खिलाडियों को एक्सपर्ट्स की टीम द्वारा चुना जाता है।

ब्राजील और दक्षिण अफ्रीकी नौसेनाओं के साथ भारत करेगा बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास

नई दिल्ली। ब्राजील और दक्षिण अफ्रीकी नौसेनाओं के साथ संयुक्त बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस तरकश दक्षिण अफ्रीका पहुंच गया है। इस अभ्यास का सातवां संस्करण दक्षिण अफ्रीका के पोर्ट ग्रीकुरिया पर होगा, जिसे एलिजाबेथ पोर्ट के रूप में भी जाना जाता है। ब्राजील और दक्षिण अफ्रीकी नौसेनाओं के साथ 13-18 अक्टूबर के बीच होने वाला यह समुद्री अभ्यास कई लिहाज से महत्वपूर्ण है। नौसेना प्रवक्ता के अनुसार इस संयुक्त बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास का पिछला संस्करण सिमंस टाउन, दक्षिण अफ्रीका में 01 से 13 अक्टूबर 18 तक आयोजित किया गया था। सातवें संस्करण में भारतीय नौसेना का प्रतिनिधित्व तेग क्लास गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस तरकश, एक चेतक हेलीकॉप्टर और मरीन कमांडो फोर्स (मार्कोस) करेंगे। अभ्यास के बंदरगाह चरण में नौसेनाओं के बीच पेशेवर बातचीत भी होगी, जिसमें क्षति नियंत्रण और अग्निशमन अभ्यास, वीबीएसएस, क्रॉस बोर्डिंग मुख्य मुद्दे होंगे। दक्षिण अफ्रीकी जल क्षेत्र में होने वाले इस अभ्यास का मकसद ब्राजील और दक्षिण अफ्रीकी नौसेनाओं के साथ समुद्री सुरक्षा, संयुक्त परिचालन प्रशिक्षण, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के साथ ही सामान्य समुद्री खतरों को दूर करने के लिहाज से एक-दूसरे को मजबूत करना है। लंबे समय से चले आ रहे त्रि-राष्ट्र समुद्री अभ्यास को आगे बढ़ाने का निर्णय इसी साल मार्च में साइमन टाउन में राष्ट्रीय रक्षा बल की योजना बैठक में लिया गया था। दक्षिण अफ्रीकी नौसेना अभ्यास के लिए अपने चार वेलोर क्लास फ्रिगेट्स में से एक और दो मैरीटाइम रिएक्शन स्क्वाड्रन बोर्डिंग टीमों को सक्रिय करेगी।

दिल्ली सरकार का श्रमिकों को दिवाली तोहफा

-सरकार ने बढ़ाया श्रमिकों का न्यूनतम वेतन, नई दरें एक अक्टूबर से लागू

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार की ओर से श्रमिकों को दिवाली का तोहफा मिला है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को दिल्ली के अकुशल, अर्ध कुशल और अन्य श्रमिकों का महंगाई भत्ता बढ़ाने का आदेश जारी किया है। साथ ही उपमुख्यमंत्री ने सभी श्रमिकों और कर्मचारियों को बढ़ी हुई दर के साथ भुगतान सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है। सिसोदिया ने कहा कि गरीब और मजदूर वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए बढ़ती महंगाई के बीच यह बड़ा कदम उठाया गया है। इस-का लाभ लिपिक और सुपरवा-इजर वर्ग के कर्मचारियों को भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि

● ....शेष भाग पेज 3 पर

मेहसाणा के बहुचराजी से गुजरात गौरव यात्रा को भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने दिखाई हरी झंडी

- कांग्रेस पर भाजपा अध्यक्ष का हमला, बोले बबूल बोने वाली पार्टी अब खुद भटकने वाली हालत में पहुंची

अहमदाबाद। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मेहसाणा जिले के बहुचराजी में बुधवार को गुजरात गौरव यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कांग्रेस पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अब तक बबूल ही बोए, तो बबूल ही उगे। उसने विकास को अटकाया, लटकाया और भटकाया लेकिन अब कांग्रेस खुद भटकने वाली हालत में पहुंच चुकी है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पिछले 27 सालों में राज्य की तस्वीर पूरी तरह से बदल चुकी है। राज्य कई मामलों में देश का

अगुवा राज्य बनकर मॉडल बना है। राज्य हर क्षेत्र में विकास की इबारत लिख रहा है। उन्होंने गुजरात में निकली गौरव यात्रा को भारत की गौरव यात्रा की कहानी बताया। मेहसाणा के बहुचराजी से निकली गौरव यात्रा कच्छ जिले के माता के मढ तक जाएगी। इस दौरान यह नौ जिलों की 33 विधानसभा क्षेत्र को कवर करेगी। इसके अलावा द्वारकाधीश समेत तीन अन्य जगहों से गुजरात गौरव यात्रा निकलेगी। गुरुवार को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह राज्य के दो स्थानों से 3 गौरव यात्रा को प्रस्थान कराएंगे। इस तरह कुल 5 गौरव यात्रा के जरिए भाजपा 10 दिनों में 144 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा की राज्य और केन्द्र स-रकार की उपलब्धियों की गाथा बताकर चुनाव का आगाज करेगी। बहुचराजी में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने यात्रा को भारत के गौरव को स्थापित करने वाली यात्रा बताया। उन्होंने गौरव यात्रा की

● ....शेष भाग पेज 3 पर

अखिलेश को साथ लेकर आगे की तैयारियां करेंगे : नीतीश कुमार

इटावा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को सैफई पहुंचे और अखिलेश यादव से मिलकर मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त किया। उन्होंने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अखिलेश यादव को ढांढस बंधाया। सैफई पहुंचे नीतीश कुमार ने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव के साथ उनके बहुत पुराने संबंध थे। नेताजी से उन्होंने राजनीति में कई गुण सीखे हैं। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व में हम लोग विपक्ष को एकत्र कर आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी

कर रहे थे लेकिन असमय इस तरह से नेताजी का दुनिया से चले जाना दुखद है। नेताजी की कमी इस देश को आजीवन खलेगी। उन्होंने कहा कि यूपी से उनका पुराना नाता रहा है। जनता दल के समय में वह यूपी के प्रभारी हुआ करते थे और इस नाते भी नेताजी का राजनीतिक साथ मिलता रहा है। उन्होंने कहा कि अब अखिलेश यादव को साथ लेकर आगे की तैयारियां की जाएगी। उल्लेखनीय है कि सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के अंतिम संस्कार के दूसरे दिन शुद्धि संस्कार कार्यक्रम संपन्न किया गया। कार्यक्रम में अखिलेश यादव, शिवपाल यादव, धर्मेंद्र यादव, अखिलेश के पुत्र अर्जुन यादव ने मुंडन करवाया। इस दौरान सपा संरक्षक को श्रद्धांजलि देने वाले राजनीतिक दलों के नेता देश भर से आ रहे हैं। वहीं वीवीआईपी और पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शोक प्रकट करने पहुंच रहे हैं।

कृषि क्षेत्र देश की रीढ़ : नरेंद्र सिंह तोमर

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि कृषि क्षेत्र हमारे देश की रीढ़ है। हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि की अर्थव्यवस्था में इतनी ताकत है कि प्रतिकूल परिस्थितियों में भी देश आसानी से पार पा सकता है। तोमर ने बुधवार को एसोसिएटेड चेम्बर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री आफ इंडिया (एसौचेम) की ओर से "कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए उन्नत बीज और कृषि सामग्री एकीकरण" विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि कोविडकाल में देश के 80

करोड़ लोगों को भारत सरकार ने खाद्यान्न सुरक्षा प्रदान की, साथ ही मित्र देशों की मदद भी की। आज अधिकांश कृषि उत्पादों के मामले में हम दुनिया के पहले या दूसरे स्थान पर हैं। इसके बावजूद कृषि क्षेत्र के समक्ष कुछ चुनौतियां हैं। कृषि उन्नत खेती में बदले, कृषि में टेक्नालॉजी का प्रयोग हो व

● ....शेष भाग पेज 3 पर

Vacancy

ब्यूरो चीफ
डिप्टी ब्यूरो चीफ
रिपोर्टर

दिल्ली क्राइम प्रेस के राष्ट्रीय अखबार से जुड़कर बने अपने जिले के समाचार और विज्ञापन प्रभारी।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें +91 83750 00984

रेसलर हत्याकांड में पहलवान सुशील कुमार व 17 अन्य के खिलाफ आरोप तय

नई दिल्ली। दिल्ली की रोहिणी कोर्ट की एडिशनल सेशंस जज शिवाजी आनंद ने रेसलर सागर धनखड़ की हत्या मामले के आ-रोपित सुशील कुमार और 17 अन्य के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। कोर्ट ने इन पर हत्या, हत्या की कोशिश, दंगा फैलाने और आपराधिक साजिश रचने समेत दूसरी धाराओं के तहत आरोप तय किये हैं। कोर्ट ने इस मामले में फरार दो आरोपितों के खिलाफ भी आरोप तय करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने जिन आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया है उनमें पहलवान स-ुशील कुमार, अजय कुमार, प्रिंस

● ....शेष भाग पेज 3 पर

सम्पादकीय



थरूर का गुरूर और खड़गे के खेवैया

शशि थरूर की प्रशंसा इस बात के लिए की जानी चाहिए कि तमाम प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष मनोवैज्ञानिक दबावोंके बावजूद वह कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव में डटे हुए हैं। कभी उनके साथ जी 23 में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े दिखते रहे आधा दर्जन दोस्त पाला बदल चुके हैं। उनमें से कुछ तो मल्लिकार्जुन खड़गे के समक्ष नत्मस्तक मुद्रा में हैं। कुछ यहां-वहां दुबके गए। कुछ दरबारी कांग्रेसियों ने भविष्यवाणी कर दी है कि खड़गे ही पार्टी के नए अध्यक्ष होंगे। वजह खड़गे को गांधी परिवार का मौन समर्थन है। थरूर भी इस सच को समझ रहे हैं। हफ्ताभर पहले थरूर का एक बयान सुर्खियों में रहा। उन्होंने कहा, खड़गे कांग्रेस के भीष्म पितामह, लेकिन मेरे पास विजन है। जो लोग कांग्रेस में यथास्थिति चाहते हैं वो खड़गे को वोट दें। थरूर ने खड़गे को निरंतरता बनाए रखने वाला उम्मीदवार बताकर इशारा किया कि उन्हें गांधी परिवार का समर्थन मिल चुका है। वह आगे कहते हैं, मेरे पास पार्टी को मजबूत करने का विजन है, जो बदलाव लाएगा। थरूर की टिप्पणी कितने कांग्रेसियों को समझ आई? उनके शब्दों पर कितने लोगों ने मनन किया? ईश्वर ही जानें पर यह स्वीकार करना होगा कि थरूर ने गहरी बात की है। निष्पक्ष विश्लाषकों का मानना है कि खड़गे का राजनीतिक अनुभव भले ही काफी है लेकिन थरूर जैसा स्पष्ट नजरिया उनमें नजर नहीं आता। कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए खड़गे की सबसे बड़ी योग्यता क्या है? गांधी परिवार के प्रति उनकी निष्ठा कहें तो क्या गलत होगा? एक माह पूर्व तक निष्ठावान कांग्रेसियों में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सबसे आगे दिखते थे। राजस्थान के कांग्रेसी विधायकों के शक्ति प्रदर्शन के बाद गहलोत का ग्राफ गोता लगा रहा है। दूसरी ओर, थरूर का राजनीतिक अनुभव खड़गे के मुकाबले काफी कम है। उनकी सबसे बड़ी पूंजी उनका अध्ययन, विभिन्न विषयों की समझ और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सशक्त पहचान को मानना चाहिए। पार्टी अध्यक्ष पद के मुकाबले की स्थिति साफ होने के बाद थरूर ने अपने प्रतिद्वंद्वी खड़गे के साथ सार्वजनिक बहस का प्रस्ताव रखा था। थरूर का मानना है कि कांग्रेस अध्यक्ष पद के दोनों उम्मीदवारों के बीच बहस से पार्टी के प्रति लोगों में उसी तरह की दिलचस्पी पैदा होगी जैसी ब्रिटेन में कंजरवेटिव पार्टी के नेता के चुनाव को लेकर हुई थी। इससे वोट डालने वाले डेलीगेट्स को अपना मन बनाने में मदद मिलेगी। थरूर के इस प्रस्ताव को खड़गे ने चतुराई से नामंजूर कर दिया। उन्होंने जवाब दिया, हम दोनों एक ही परिवार से हैं अतः इस तरह की बहस की कोई जरूरत नहीं है। हम दोनों को आपस में नहीं लड़ना चाहिए है क्योंकि हमारी लड़ाई भाजपा के खिलाफ है। थरूर का प्रस्ताव उनकी नीतियों और योजनाओं के प्रति उनके आत्मविश्वास का प्रतीक है। वह महसूस कर रहे हैं कि भले ही गांधी परिवार के मौन समर्थन के चलते खड़गे की स्थिति बहुत से लोगों को मजबूत लग रही हो परंतु किसी सार्वजनिक बहस का अवसर मिलने पर अपने ज्ञान से वह खड़गे का पसीना छुड़वा सकते हैं। थरूर स्वीकार करते हैं कि पार्टी की वर्तमान स्थिति बहुत चिंताजनक है। वर्तमान संगठनात्मक ढांचे पर समय देने से बेहतर होगा कि नए नजरिये के साथ शुरूआत की जाए। दूसरी ओर, पचास सालों के अनुभवधारी खड़गे साहब? संभवतः उन्हें आशंका हो कि थरूर को बहस में हॉवी होने से रोक पाना उनके वश की बात नहीं है। खड़गे पूरी तरह से गांधी परिवार के मौन समर्थन पर निर्भर दिख रहे हैं। हाल ही में एक प्रमुख दैनिक मे खड़गे का इंटरव्यू पढ़ने को मिला। वह खुले आम कह रहे हैं, कांग्रेस जैसा विशाल संगठन चलाने के लिए गांधी परिवार का मार्गदर्शन जरूरी है। यदि, कोई कहता है कि उन्हें छोड़ कर पार्टी को चलाया जा सकता है तो यह असंभव है। खड़गे से इस बयान से इतर किसी नए विचार की कल्पना नहीं की जा सकती है।

भारत की आर्थिक उपलब्धियों को कमतर क्यों आंका जा रहा है

लेखक - प्रहलाद सबनानी /ईएमएस

ऐसा कहा जाता है कि अर्थशास्त्र एक जटिल विषय है। जिस प्रकार शरीर की विभिन्न नसें, एक दूसरे से जुड़ी होकर पूरे शरीर में फैली होती हैं और एक दूसरे को प्रभावित करती रहती हैं, उसी प्रकार अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलू (रुपए की कीमत, ब्याज दरें, मुद्रा स्फीति, बेरोजगारी, आर्थिक असमानता, वित्त की व्यवस्था, विदेशी ऋण, विदेशी निवेश, वित्तीय घाटा, व्यापार घाटा, सकल घरेलू उत्पाद, विदेशी व्यापार, आदि) भी आपस में जुड़े होते हैं और पूरी अर्थव्यवस्था एवं एक दूसरे को प्रभावित करते रहते हैं। विषय की इस जटिलता के चलते अक्सर कई व्यक्ति अर्थव्यवस्था सम्बंधी अपनी राय प्रकट करने में गलती कर जाते हैं। जैसे, केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले आम बजट पर विपक्षी नेताओं द्वारा अक्सर यह टिप्पणी की जाती है कि इस बजट में तो आंकड़ों की जादूगरी की गई है और वित्त मंत्री तो आंकड़ों के बाजीगर हैं। दूसरे, अर्थशास्त्र की जटिलता के चलते ही देश के कई नागरिक भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रगति को कमतर आंकते हैं। वैसे, अर्थशास्त्र के बारे में एक और बात कही जाती है कि कुछ अर्थशास्त्री, आधी अधूरी (हाफ कुकड/बेक्ड) जानकारी के आधार पर जितना बताते हैं उससे कहीं अधिक छुपाते भी हैं। अर्थव्यवस्था के कुछ पहलू तो ऐसे भी हैं जो देश के एक वर्ग को यदि फायदा पहुंचाते हैं तो एक अन्य वर्ग को नुक्सान पहुंचाते नजर आते हैं, जैसे, ब्याज की दर। ब्याज दर में यदि वृद्धि की जाती है तो बैंकों के जमाकर्ता तो प्रसन्न होते हैं क्योंकि उनकी ब्याज की आय में वृद्धि होती है परंतु ऋण प्राप्तकर्ता नाराज होते हैं क्योंकि उन्हें ब्याज के रूप में अधिक राशि का भुगतान करना होता है। मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के लिए ब्याज की दरों को अक्सर बढ़ाया अथवा घटाया जाता है। इससे देश के नागरिकों का एक वर्ग प्रसन्न होता है तो एक दूसरा वर्ग नाराज होता है, जबकि केंद्र सरकार एवं बैंकों को तो देश और अर्थव्यवस्था के हित को ध्यान में रखकर ही इस प्रकार के निर्णय करने होते हैं। इसी प्रकार एक और उदाहरण दिया जा सकता है कि वैश्विक स्तर पर जब अमेरिकी डॉलर महंगा होकर रुपए की कीमत कम होती है तो ऐसे में निर्यातक तो प्रसन्न होते हैं परंतु आयातक नाराज होते हैं क्योंकि आयातक को अमेरिकी डॉलर खरीदने के लिए अधिक रुपयों का भुगतान करना होता है और निर्यातक को अमेरिकी डॉलर के एवज में अधिक रुपए मिलने लगते हैं। इसके ठीक विपरीत यदि अमेरिकी डॉलर सस्ता होने लगता है एवं रुपए की कीमत बढ़ने लगती है तो आयातक प्रसन्न होने लगते हैं एवं निर्यातक नाराज होने लगते हैं। जबकि भारतीय रिजर्व बैंक लगातार यह प्रयास करता है कि भारतीय रुपए की कीमत में कोई परिवर्तन नहीं होकर वह स्थिर बना रहे ताकि विदेशी निवेशकों का विश्वास भारतीय रुपए पर बना रहे। उक्त कारणों के चलते ही कई बार विपक्षी दल भी भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं के सम्बंध में प्रशन्न खड़े करते रहते हैं। परंतु, यह देश के हित में होगा कि आर्थिक विकास के सम्बंध में सही सही स्थिति से नागरिकों को अवगत कराया जाय और इस सम्बंध में प्रस्तुत किए जाने वाले आंकडें सदैव प्रामाणिक रहें और इन आंकड़ों का विश्लेषण भी सटीक एवं सही हो। न कि, केवल चूंकि आलोचना करनी है इसलिए इन आंकड़ों को अपने तर्कों के फायदे के लिए इस्तेमाल किया जाय। भारत सरकार के वित्त मंत्रालय, भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, सीएमआईई, विश्व बैंक, आईएमएफ, एडीबी, विश्व व्यापार संगठन, आदि संस्थानों के वेब साइट्स से इस संदर्भ में सही आंकडें लिए जा सकते हैं। भारत में अभी हाल ही में कई क्षेत्रों में अतुलनीय विकास हुआ है। परंतु, इसकी पर्याप्त चर्चा देश में होती नहीं दिखती है, जब कि नागरिकों को भी पूर्णतः यह जानने का हक है। भारत आज विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और जिस गति से भारत का आर्थिक विकास हो रहा है इसे देखते हुए वर्ष 2030 तक भारत, अमेरिका एवं चीन के बाद, विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अप्रेल-जून 2022 तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था ने 13.5 प्रतिशत की विकास दर हासिल की है। बेरोजगारी की दर कम होकर 6.7 प्रतिशत पर नीचे आ गई है, जो अप्रेल-जून 2021 में 12.7 प्रतिशत थी। भारत में मंदी की शून्य सम्भावना है, ऐसी सम्भावना विश्व के आर्थिक संस्थान व्यक्त कर रहे हैं। भारतीय बैकों के पास पूंजी का पर्याप्त बफर उपलब्ध है। भारतीय बैंकों का पूंजी पर्याप्तता अनुपात मार्च 2022 में 16.7 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गया है, जो कई अमेरिकी बैंकों के पूंजी पर्याप्तता अनुपात से भी अधिक है। भारतीय बैंकों में तरलता की स्थिति संतोषजनक है। भारतीय बैंकों की गैर निष्पादनकारी आस्तियां लगातार कम हो रही हैं और सकल गैर निष्पादनकारी आस्तियों का प्रतिशत मार्च 2022 में 5.9 प्रतिशत और शुद्ध गैर निष्पादनकारी आस्तियों का प्रतिशत मार्च 2022 में 1.7 प्रतिशत रहा है। भारतीय बैंकों का प्रोविजन कवरेज रेशो भी बढ़कर 70.9 प्रतिशत पर आ गया है। डिजिटल लेनदेन भारत में लगातार बढ़ रहे हैं और अब तो भारत की डिजिटल बैंकिंग व्यवस्था पूरे विश्व में सबसे अधिक विकसित मानी जा रही है। हाल ही के समय में भारत में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों की संख्या बहुत कम हुई है। यह 2011-12 में 21.9 प्रतिशत से घटकर 2020-21 में 10.2 प्रतिशत पर आ गई है। ग्रामीण इलाकों में तो यह बहुत तेजी से घटी है, जो 2011-12 में 26.3 प्रतिशत थी वह 2020-21 में घटकर 11.6 प्रतिशत हो गई है। भारत में प्रति व्यक्ति औसत आय भी तेजी से बढ़ रही है। वर्ष 2001-02 में प्रति व्यक्ति औसत आय 18,118 रुपए थी और यह वर्ष 2021-22 में बढ़कर 174,024 प्रति व्यक्ति हो गई है। गरीबों की औसत आय तेजी से बढ़ रही है, जिससे आय की असमानता भी कम हो रही है। हाल ही के समय में भारत वैश्विक स्तर पर कई क्षेत्रों में विश्व गुरु के तौर पर उभर कर सामने आया है, जैसे, फार्मा उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र, ऑटो उद्योग, मोबाइल उत्पादन क्षेत्र, नवीकरण ऊर्जा क्षेत्र, डिजिटल व्यवस्था, स्टार्ट अप, ड्रोन, अंतरिक्ष, हरित ऊर्जा, सुरक्षा उपकरण निर्माण उद्योग, खिलौना उद्योग, आदि। कई उदयोगों में उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के लागू किए जाने के बाद से इन उद्योगों में विनिर्माण इकाईयों की स्थापना भारत में तेजी से बढ़ रही है। दुग्ध उत्पादन में आज भारत आत्म निर्भर होकर पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर आ गया है। चाय उत्पादन एवं मछली उत्पादन के मामले में भी भारत विश्व में दूसरे पायदान पर पहुंच गया है। भारत में वर्ष 2021-22 में मुख्य कृषि फसलों का उत्पादन 31.45 करोड़ टन रहा जबकि बागवानी का उत्पादन 34.2 करोड़ टन का रहा। बागवानी के अधिक उत्पादन का सीधा मतलब है कि किसानों की आय में अधिक वृद्धि हुई है। कृषि के क्षेत्र में भी भारत अब एक निर्यातक देश बन गया है। वर्ष 2021-22 में भारत से वस्तु एवं सेवा निर्यात 67,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है। जिसे 2030 तक 2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए विभिन देशों से मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न किए जा रहे हैं। फिलीपींस, वियतनाम, इंडोनेशिया आदि देशों को ब्राह्मोस मिसाईल का निर्यात किए जाने की तैयारियां की जा रही हैं। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, दक्षिण अफ्रीका जैसे अन्य देशों ने भी इसमें रुचि दिखाई हैं। आज 84 से अधिक देशों को रक्षा उपकरणों का निर्यात भारत से किया जा रहा है। भारतीय विमान तेजस को खरीदने में मलेशिया ने रुचि दिखाई हैं। आकाश मिसाईल को भी भारत सरकार द्वारा निर्यात की मंजूरी दी जा चुकी है। जब विश्व के कई विकसित देश भी महंगाई के चलते अब मंदी की ओर बढ़ते दिख रहे हैं ऐसी स्थिति में भारत मंहगाई पर अंकुश लगाने में सफल रहा है और अब तो वैश्विक स्तर पर कई आर्थिक संगठन भी लगातार यह कह रहे हैं कि भारत में मंदी की सम्भावना लगभग शून्य है। आज भारत पड़ौसी देशों सहित कई अन्य देशों की आर्थिक मदद करने में सक्षम हो गया है। श्रीलंका को 350 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सहायता भारत द्वारा उपलब्ध कराई गई है, साथ ही खाद्य सामग्री, पेट्रोल, डीजल एवं दवाईयां आदि सामान भी उपलब्ध कराया गया है। अफगानिस्तान को भी खाद्य सामग्री एवं दवाईयों की कई खेप मानवता के नाते सहायता के रूप में भारत द्वारा भेजी जा चुकीं हैं।

बोली का जवाब गोली से क्यों?

भारत के सर्वोच्च न्यायालय में नफरती भाषणों के खिलाफ कई याचिकाओं पर आजकल बहस चल रही है। उन याचिकाओं में मांग की गई है कि मजहबी लोग, नेताओं और टीवी पर बहसियों के बीच जो लोग घृणा फैलानेवाले जुमले बोलते और लिखते हैं, उनके खिलाफ सरकार सख्त कानून बनाए और उन्हें सख्त सजा और जुमार्ने के लिए भी मजबूर करे। असलियत यह है कि भारत में सात कानून पहले से ऐसे बने हैं, जो नफरती भाषण और लेखन को दंडित करते हैं लेकिन नया सख्त कानून बनाने के पहले असली सवाल यह है कि आप नफरत फैलानेवाले भाषण या लेखन को नापेंगे किस मापदंड पर! आप कैसे तय करेंगे कि फलां व्यक्ति ने जो कुछ लिखा या बोला है, उससे नफरत फैल सकती है या नहीं? किसी के वैसा करने पर कोई दंगा हो जाए, हत्याएं हो जाएं, जुलूस निकल जाएं, आगजनी भड़क जाए या हड़ताल हो जाए तो क्या तभी उसकी उस हरकत को नफरती माना जाएगा? यह मापदंड बहुत नाजुक है और उलझनभरा है। हमारी अदालतें मामूली मामले तय करने में बरसों खपा देती हैं तो ऐसे उलझे हुए मामले वह तुरंत कैसे तय करेगी? यदि कोई किसी जाति या मजहब या व्यक्ति या विचार के विरुद्ध कोई-बहुत जहरीली बात कह दे और उस पर कोई दंगा न हो तो अदालत और सरकार का रवैया क्या होगा? ऐसे सख्त कानून का दुष्परिणाम यह भी हो सकता है कि कई मुद्दों पर खुली बहस ही बंद हो जाए। किसी नेता, पार्टी, विचारधारा, धर्मग्रंथ या देवी-देवताओं की स्वस्थ और तर्कसंगत आलोचना का भी लोप हो जाए। यदि ऐसा हुआ तो यह नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन तो होगा ही, देश में पाखंड, अंधविश्वास और धूर्त्तता की भी अति हो जाएगी। ऐसा होने पर महर्षि दयानंद, डॉ. आंबेडकर, बर्ट्रेंड रसेल जैसे सैकड़ों विद्वानों के ग्रंथों पर प्रतिबंध लगाना होगा। इसीलिए भारत में हजारों वर्षों से शास्त्रार्थ की खुली परंपरा चलती रही है, जिसका अभाव हम यूरोप और अरब जगत में सदा से देखते आ रहे हैं।

चुनावी महौल के बीच उलझ गया धर्म!

लेखक - डॉ. भरत मिश्र प्राची /ईएमएस

गुजरात राज्य में शीघ्र ही विधान सभा चुनाव होने वाले है जहां आम आदमी पार्टी अभी से जी जान से प्रचार - प्रसार में जुट गई है, जहां वर्तमान में भाजपा की सरकार है। गत विधानसभा चुनाव में पंजाब राज्य में दिल्ली के बाद आप को मिली अपार सफलता ने गुजरात राज्य में सत्ताधारी भाजपा को एक बार अंदर से हिला दिया। दिल्ली से लेकर गुजरात तक भाजपा आप को हर मुद्दें पर घेरकर उसके बढ़ते राजनीतिक वर्चस्व को आम जनता के बीच कमजोर करने का हर संभव प्रयास कर रही है। इस कड़ी में दिल्ली में आप सरकार के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया अबकारी मामले में सीबीआई एवं ईडी जांच घेरे में कैद चल रहे है जिसके इस्तीफे की मांग भाजपा बार - बार कर रही है। यह मामला अभी गरमाया ही है तब तक दिल्ली में आप सरकार के समाज कल्याण मंत्री राजेन्द्र पाल गौतम द्वारा करोल बाग अम्बेडकर भवन में आयोजित जय भीम कार्यक्रम में जहां 10 हजार लोगों ने बौद्ध दीक्षा ली, राम कृष्ण की पूजा नहीं किये जाने के शपथ दिलाने की प्रकिया धार्मिक उन्माद का कारण बन चुका है जिसे आप पर भाजपा हिन्दू विरोधी होने का आरोप लगाकर दिल्ली से लेकर गुजरात तक आप को घेरने का कार्यक्रम जोर शोर से बना रही है। इस मुद्दें को लेकर आप के मुखिया केजरीवाल को हिन्दू विरोधी बताते हुये गुजरात के मुख्य शहर राजकोट अहमदाबाद में आप के

खिलाफ काले होडिंग जगह - जगह लगाये गये है। गुजरात के मुख्य शहर बड़ौदा में केजरीवाल को टोपी पहनाकर हिन्दू देवी देवताओं का विरोधी बताते हुये ब्रह्हा, विष्णु,, महेश, राम कृष्ण को ईश्वर नहीं मानने एवं इसे आम आदमी पार्टी का संस्कार बताने के उल्लेख के साथ होडिंग लगाई गई है। इस तरह का परिवेश राजनीतिक उन्माद का स्वरूप बनता जा रहा है जिसे भाजपा चुनावी रंग देकर आप को गुजरात चुनाव मैदान में कमजोर बनाने का हर संभव प्रयास कर रही है। आप के मंत्री राजेन्द्र पाल गौतम ने जय भीम कार्यक्रम में बौद्ध दीक्षा के तहत राम कृष्ण की पूजा नहीं किये जाने का शपथ दिलाया। इस कार्यक्रम में कहीं भी राम कृष्ण के लिये अपमानजनक बात किये जाने का प्रसंग उजागर नहीं होता। किसी की पूजा करना या नहीं करना आस्था पर निर्भर करता है, इसके लिये किसी को बाध्य नहीं किया जा सकता। भारत धर्मरिपेक्ष्य राष्ट है जहां के संविधान में किसी भी धर्म को मानने की स्वतंत्रता है। ईश्वर की व्याख्या एवं अराधना का स्वरूप भी अलग अलग धर्म में अलग अलग है। संभवतः बौद्ध धर्म में महात्मा बुद्ध को ईश्वर का दर्जा दिया गया हो। जहां राम कृष्ण की पूजा करने का कोई प्रावधान नहीं हो। वास्तविकता जो भी हो राम कृष्ण की पूजा करने न करने का प्रसंग आस्था से जुड़ा है, इसे देवी देवताओं के अपमान से नहीं जोड़ा जा सकता फिर भी राजेन्द्रपाल गौतम ने इसके लिये सार्वजनिक माफी भी मांग ली एवं मंत्री पद से त्याग पत्र भी दे दिया। यह मामला राजनीतिक तूल पकड़ता जा रहा है जहां धर्म चुनावी महौल का रंग बन चुका है।

सिद्धांत गौण है, सत्ता प्रमुख

पिछले दिनों में राष्ट्रीय रंगमंच पर जिस प्रकार का राजनीतिक चरित्र उभरकर आ रहा है, वह एक गंभीर चिंता का विषय है। ऐसा लगता है, राजनीति का अर्थ देश में सुव्यवस्था बनाए रखना नहीं, अपनी सत्ता और कुर्सी बनाए रखना है। राजनीतिज्ञ का अर्थ उस नीति-निपुण व्यक्तित्व से नहीं है, जो हर कीमत पर राष्ट्र की प्रगति, विकास-विस्तार और समृद्धि को सर्वोपरी महत्व दे; किंतु उस विदूषक-विशारद व्यक्तित्व से है, जो राष्ट्र के विकास और समृद्धि को अवनति के गर्त में फेंककर भी अपनी कुर्सी को सर्वोपरि महत्व देता हो। राजनेता का अर्थ राष्ट्र को गति की दिशा में अग्रसर करने वाला नहीं, अपने दल को सत्ता की ओर अग्रसर करने वाला रह गया है। यही कारण है कि आज राष्ट्र गौण है, दल प्रमुख है। सिद्धांत गौण है, सत्ता प्रमुख है। चरित्र गौण है, कुर्सी प्रमुख है। एक राजनेता में राष्ट्रीय चरित्र, न्याय-सिद्धांत और नेतृत्व क्षमता के गुणों की आवश्यकता नहीं, किंतु आज कुशल राजनेता वही है, जो अपने दल के लिए राष्ट्र के साथ भी विश्वासघात कर सकता हो, अपनी कुर्सी के लिए अपने दल के साथ भी विश्वासघात करने का जिसमें साहस या दुस्साहस हो। बहुत बार मन में प्रश्न उभरता है, क्या राजनीति का अपना कोई चरित्र नहीं होता अथवा सत्ता प्राप्ति के लिए राष्ट्र, समाज, दल और व्यक्ति की विश्वासपूर्ण भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना ही राजनीति का चरित्र होता है? जनता की कोमल भावनाओं का शोषण करके सत्तासीन होने के बाद क्या राजनेता का व्यक्तित्व जनता और राष्ट्र से भी बड़ा हो जाता है? यदि ऐसा नहीं है तो आज की राजनीति क्यों अपने प्रिय पुत्रों, संबंधियों और चमचों-चाटुकारों के चप्रव्यूह में फंसकर रह गई है? राष्ट्र को स्थिर नेतृत्व प्रदान करने के नाम पर क्यों सिद्धांतहीन समझौते और स्तरहीन कलाबाजियां दिखाई जा रही हैं? संप्रदायवाद, जातिवाद, भाषावाद और प्रांतवाद को भड़का करके क्यों सत्ता की गोटियां बिठाई जा रही हैं? आज की राजनीति को देखकर मन ग्लानि और वितृष्णा से भर जाता है। आखिर यह सबकुछ कब तक चलता रहेगा?

करवाचौथ पति की दीघार्यु कामना का व्रत!

लेखिका- डॉ सुनीता पुण्डरीक (ईएमएस)

(/ईएमएस)

सुहागिनों के लिए सबसे महत्वपूर्ण करवा चौथ का व्रत पति की दीघार्यु कामना के लिए रखा जाता है। हालांकि अब सुहागिन महिलाओं के साथ कुंवारी लड़कियां भी ये व्रत रखने लगी हैं। जहां सुहागिन महिलाएं पति की लंबी और खुशहाल जीवन के लिए ये व्रत रखती हैं वहीं कुंवारी कन्याएं मनचाहे वर प्राप्ति के लिए यह व्रत रखती है। करवा चौथ व्रत में सबसे खास सरगी,जो सास अपनी बहू को देती है।इसी सरगी को खाकर व्रत की शुरूआत करने की परम्परा है। सरगी थाली में सुहाग की चीजों के साथ ही मिठाइयां, फल, ड्राई फ्रूट्स जैसी चीजें होती हैं। शाम को चांद की पूजा के बाद पति के हाथ से पानी पीकर ही व्रत खोला जाता है। बिना अन्न जल ग्रहण के किए जाने इस व्रत में थकान व कमजोरी का अहसास न हो इसके लिए बेहद जरूरी है सरगी में उन चीजों को शामिल करना जिससे आपकी एनर्जी बनी रहे।सरगी में ड्राय फ्रूट्स का सेवन करने से शरीर को ताकत मिलती है। बादाम, अंजीर, मखाने, अखरोट ये सारे ही मेवे सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। इसे खाने से पेट लंबे समय तक भरा रहता है और कमजोरी का अहसास नहीं होता। केले को संपूर्ण आहार माना जाता है। जिसे खाने से पेट भरा रहता है। शरीर पूरे दिन एनर्जेटिक फील करता है। तो सरगी में अन्य दूसरे फलों के साथ केले को जरूर शामिल करें। केले के साथ दूध का सेवन तो और भी ज्यादा फायदेमंद रहता है।सरगी में खाए जाने वाली चीजों में दूध और इससे बनी चीजों को शामिल करें। इससे भी पेट भरा रहता है। शरीर में एनर्जी बनी रहती है। मेवों के साथ दूध, केले के साथ दूध के अलावा खीर, दूध से बनी मिठाइयां भी सरगी ने खाई जा सकती हैं। नारियल पानी पीने से बॉडी हाइड्रेट रहती है और कमजोरी नहीं फील होती है। और तो और बहुत ज्यादा प्यास भी नहीं लगती। तो इसे भी इसलिए नारियल पानी को अपनी सरगी का हिस्सा बनाएं।करवा चौथ का त्योहार पूरे उत्तर भारत में धूमधाम से मनाया जाता है। यह व्रत सूर्योदय से पहले से शुरू कर चांद निकलने तक रखा जाता है और चंद्रमा के दर्शन के बाद ही महिलाएं अपना व्रत खोलती हैं।करवा चौथ का त्योहार 13 अक्टूबर को मनाया जा रहा है। करवा चौथ व्रत के दिन चंद्रोदय यानी चांद निकलने समय रात 8 बजकर 10 मिनट पर है। महिलाओं को इस समय तक निर्जला व्रत रहना चाहिए और करवा चौथ की पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 6 बजकर 01 मिनट से 07 बजकर 15 मिनट तक है। करवा चौथ का त्यौहार सरगी के साथ शुरू होता है। यह करवा चौथ के दिन सूर्योदय से पहले खाया जाता है, जो महिलाएं करवा चौथ का व्रत रखती हैं उनके लिए उनकी सास सरगी बनाती हैं। करवा चौथ की शाम के समय चंद्रोदय से 1 घंटा पहले संपूर्ण शिव-परिवार की विधिवत पूजा की जाती है। करवा चौथ के दिन महिलाएं सुबह सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करके पूजा घर की सफाई कर लें। इसके बाद सास द्वारा दी गई सरगी खाकर निर्जला व्रत का संकल्प लें।शाम को धूप, दीप,चन्दन,रोली और सिन्दूर से पूजन थाली सजाएं और चन्द्रमा निकलने से लगभग एक घंटे पहले पूजा शुरू कर दें। पूजा के दौरान महिलाए करवा चौथ कथा सुनती हैं। छलनी के द्वारा चन्द्र दर्शन करने के बाद अर्घ्य दिया जाता है। इसके बाद महिलाएं जल ग्रहण कर अपना व्रत खोलती हैं और सास से अखंड सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद लेती हैं।

प्रसंगतः विचित्र आशीर्वाद

राजा संत के पास गया। संत ने राजा को आशीर्वाद दिया, 'सिपाही बन जाओ।' यह बात राजा को अच्छी नहीं लगी। दूसरे दिन राजा ने अपने राज्य के सबसे बड़े विद्वान को संत के पास भेजा। संत ने कहा, 'अज्ञानी बन जाओ।' विद्वान भी नाराज होकर लौट गए। इसी तरह जब नगर सेठ आया तो संत ने आशीर्वाद दिया, 'सेवक बन जाओ।' सेठ भी रुष्ट होकर वापस आ गया। संत के आशीर्वाद की चर्चा राज दरबार में हुई। लोग कहने लगे कि यह संत नहीं, धूर्त है, तभी अनाप-शनाप आशीर्वाद देता है। किसी ने कहा कि संत जरूर मानसिक संतुलन खो चुके हैं। एक दिन राजा ने अपने सैनिक भेजकर संत को राजदरबार में बुलाया। राजा ने संत से कहा, 'आप ने आशीर्वाद देने के बहाने सभी लोगों का अपमान किया है, इसलिए आपको दंड दिया जाएगा।' यह सुनकर संत हंस पड़े। राजा ने जब इसका कारण पूछा तो संत ने कहा, 'लगता है इस राज दरबार में सब मूर्ख हैं। मैंने जो कहा है, ठीक कहा है। मैंने राजा को कहा कि सिपाही बन जाओ क्योंकि राजा का कर्म है राज्य की सुरक्षा करना। सिपाही का काम भी रक्षा करना होता है। विद्वान को अज्ञानी बन जाने को कहा। इसका तात्पर्य यह है कि विद्वान ज्ञानी होता है। कहीं उसे अपने ज्ञान का अभिमान न हो जाए, इसीलिए मैंने उसे अज्ञानी बनने को कहा था। सेठ का कर्त्तव्य होता है, अपने धन से गरीबों की सेवा करना।

करोड़पति होने के साथ कर्जदार भी हैं भाजपा उम्मीदवार भव्य बिश्नोई

-आप प्रत्याशी सतेन्द्र व उनकी पत्नी भी करोड़पति

हिसार, (हि.स.)। जिले के आदमपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल करने वाले भव्य बिश्नोई करोड़पति उम्मीदवार है। इसके साथ ही उन पर कर्जा भी है। आम पार्टी के उम्मीदवार सतेन्द्र सिंह व उनकी धर्मपत्नी भी करोड़पति है। नामांकन के समय दाखिल किए गए ब्यौरे के अनुसार भव्य की संपत्ति पिछले तीन साल में सात गुणा बढ़ी है जबकि कर्ज कम हुआ है। करोड़पति भव्य के पास अपनी खुद की गाड़ी नहीं है। दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में उन पर इनकम टैक्स का एक केस चल रहा है लेकिन उन पर आपराधिक मुकदमा नहीं है। भव्य ने अपने नामांकन पत्र में शपथ पत्र देते हुए अपनी आय 23 लाख चार हजार 110 रुपए बताई

है। उसके पास चार लाख रुपए कैश सहित कुल सात करोड़ 35 लाख 10 हजार 653 रुपए की प्रॉपर्टी है। भव्य के पास अचल संपत्ति नहीं है। इसके अतिरिक्त भव्य पर एक करोड़ 56 लाख 37 हजार 530 रुपए की देनदारियां बकाया है। भव्य ने सरकार को करीब 11 लाख 19 हजार 308 रुपए की जीएसटी भी अदा करनी है। भव्य बिश्नोई ने 2019 में हिसार से लोकसभा चुनाव लड़ा था। उस समय भव्य के पास 10 लाख 76 हजार 181 रुपए का कैश था और उनकी आय 13 लाख 52 हजार 930 रुपए थी। चल संपत्ति के रूप में उनके पास एक करोड़ 32 लाख 22 हजार 775 रुपए और अचल दो करोड़ 50 लाख रुपए थी। सरकार को 58 हजार 102 रुपए अदा करने थे जबकि एक करोड़ 79 लाख 20 हजार 414 रुपए का लोन था। इसी तरह आदमपुर से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सतेंद्र सिंह भी करोड़पति हैं। उनके पास नौ करोड़ की संपत्ति है। इसमें 8.64 करोड़ की अचल और करीब 72 लाख की चल संपत्ति है। उनकी पत्नी नीलम भी करोड़पति है।

सेवा ही संकल्प भाजपा का मूलमंत्र, आदमपुर में जीत निश्चित : डॉ. अरविंद शर्मा

-सांसद बोले, अब कांग्रेस के पास कुछ नहीं बचा, प्रदेश में सरकार की नीतियों से प्रत्येक वर्ग खुश

-सिलेडर ब्लास्ट को लेकर सांसद बोले, पीडितों को हर संभव दिलाई जाएगी मदद

रोहतक, (हि.स.)। सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि सेवा ही संकल्प भाजपा का मूलमंत्र है और इसी संकल्प पर काम करते हुए पार्टी देश व प्रदेश में काम कर रही है। उन्होंने आदमपुर उपचुनाव को लेकर भी प्रतिक्रिया दी और कहा कि भाजपा प्रत्याशी भव्य बिश्नोई की जीत निश्चित है। सांसद ने एकता कालोनी में हुए सिलेडर ब्लास्ट को लेकर कहा कि पीडितों को हर संभव सहायता दिलाई जाएगी और इस बारे में उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों व पीजीआई के चिकित्सकों से भी बातचीत की है। घायलों के ईलाज के लिए पीजीआई प्रबंध को विशेष निर्देश दिए गए है, ताकि ईलाज में कोई कमी न रह सके। सांसद डॉ. अरविंद शर्मा के जन्मदिवस पर प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही केन्द्रीय व प्रदेश नेतृत्व में सांसद को जन्मदिवस की बधाई भी दी। बुधवार को सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने सेक्टर तीन स्थित आवास पर हवन यज्ञ के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान प्रदेश भर से लोग सांसद आवास पर पहुंचे और कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान सांसद ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित भी किया। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद ने कहा कि जनसेवा ही उनका कर्म है और सुख दुख में जरूरतमंद लोगों की मदद की जाए और इसी लक्ष्य के साथ वह काम कर रहे है। इसके अलावा सांसद ने प्रदेश सरकार की भी जमकर सराहना की। कार्यक्रम को लेकर विभिन्न स्थानों पर रक्तदान, पौधा रोपण व भंडारों का आयोजन किया गया। सांसद के जन्मदिवस पर बार एसोसिएशन द्वारा भी कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। सांसद ने जनसेवा संस्थान में जाकर बुजुर्गो को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर रीटा शर्मा, रेणु डाबला, मेयर मनमोहन गोयल, भाजपा जिला अध्यक्ष अजय बंसल, सुमिता भाटिया, डॉ. अशोक दीक्षित, पङ्कषडत सुरेश शर्मा, सुनील लाकडा, राहुल शर्मा, मोनू अत्री, गौतम, चन्द्रभान, सचिन भारद्वाज, अमित भारद्वाज, जयभगवान, जीत, प्रवीन, संदीप, नवीन, नीरज, ललित कौशिक, अमन भारद्वाज, विपिन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

मंडी में आते ही पीआर धान बिकने से किसान, आढ़ती खुश

जींद, (हि.स.)। इस बार साफ, सुखी पीआर धान मंडी में आते ही बिकने से किसान, आढ़ती खुश है। अब तक हैफेड ने 20 हजार क्विंटल से अधिक पीआर धान की खरीद कर ली है। बीते साल पीआर धान बेचने को लेकर किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। पीआर बेचने के लिए कई-कई दिन तक मंडी में किसानों को रूकना पड़ा था। इस बार किसान मंडी में अपनी पीआर बेचकर उसी दिन वापिस घर चला जाता है। साफ, सुखी पीआर धान को बेचने में किसी को किसी तरह की परेशानी इस बार नहीं आ रही है। गांव बुडायन के किसान राजेश कंदौला ने कहा कि पिछली साल यहां पीआर न बिकने पर बुढाना दूसरे एरिया में जाकर पीआर धान बेचनी पड़ी थी। इस बार मंडी में आते ही दो घंटे में पीआर धान बिक गई। शासन, प्रशासन द्वारा इस बार खरीद को लेकर बेहतर प्रक्रिया, पुख्ता प्रबंध किए हुए है। आढती रमेश ने कहा कि इस बार पीआर धान बेचने को लेकर किसी तरह की परेशानी नहीं आ रही है। इस बार 1509 धान के भाव किसानों को बीते साल से अधिक मिल रही है। हाथ से झराई की गई 1509 धान के भाव प्राइवेट बोली पर 3651 रुपये प्रति क्विंटल तक बुधवार को रहे। किसानों को भाव बढने की उम्मीद आने वाले दिनों में भी है। प्राइवेट खरीद करने वाले हिमांशु छातर, संदीप चौधरी, ओमदत्त शर्मा ने बताया कि इस बार चावल की डिमांड के चलते भाव फसल के सीजन से ही 1509 धान के बीते साल से अधिक मिल रहे है। 3600 रुपये प्रति क्विंटल भाव हाथ से झराई की गई 1509 धान के रहे है। आने वाले दिनों में भाव बढ़ भी सकते है। मार्केट कमेटी सचिव नरेंद्र कुंडू ने बताया कि इस बार 11 अक्टूबर तक 42 हजार क्विंटल से अधिक 1509 धान मंडी आ चुकी है तो बीते साल से 38472 क्विंटल अधिक है। इस बार 1509 धान के भाव भी बीते साल से अधिक है तो मंडी में आवक भी अधिक है।

भाजपा जिला कैथल में पंचायत चुनाव सिंबल पर नहीं लगेगी: सांसद नायब सैनी

-आदमपुर में कांग्रेस के हाथ रहेंगे खाली, भव्य बिश्नोई की होगी जीत

कैथल, (हि.स.)। कुरुक्षेत्र के सांसद नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस को किसी के ऊपर विश्वास नहीं है और देश को कांग्रेस के ऊपर विश्वास नहीं है। इसी कारण कांग्रेस देश से समाप्त हो चुकी है। आदमपुर चुनाव में कांग्रेस के हाथ कुछ लगने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि आदमपुर में कमल का फूल खिल रहा है। भव्य बिश्रोई मजबूत उम्मीदवार हैं और उनकी जीत भी भव्य होगी। आदमपुर चुनाव में कांग्रेस कहीं दिखाई नहीं दे रही है। सांसद नायब सैनी भाजपा के कपिल कमल कार्यालय में कार्यकताओं की समस्याएं सुनने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तो झूठ का सहारा लेकर बवंडर बना रही है। कांग्रेस अब समाप्त हो चुकी है। सांसद ने खुलासा किया कि कैथल में भारतीय जनता पार्टी

पंचायती चुनाव सिंबल पर नहीं लड़ेगी। उन्होंने कहा भाजपा जिला इकाइयों पर भी विश्वास करती है। जिले की इकाई के फैसला को प्रदेश की इकाई स्वीकार करती है। कुछ पार्टियां तो परिवारवाद की पार्टियां हैं। वहां उस परिवार के अलावा किसी को निर्णय करने का अधिकार नहीं है। लेकिन भाजपा में हर पदाधिकारी व कार्यकर्ता का सम्मान है। एक सवाल के जबाव में सांसद नायब सैनी ने कहा कि कुलदीप बिश्रोई कांग्रेस की नीतियों से हताश व निराश हो चुके थे। इसीलिए उन्होंने भाजपा को ज्वाइंन किया है। इस मौके पर उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, महामंत्री सुरेश संधू, युवा जिलाध्यक्ष आद्वित्य भारद्वाज, सह मीडिया प्रभारी भीम सैन अग्रवाल, आईटी सैल प्रमुख बलिंदर सीवन, जयदीप राणा कलायत आदि भी उपस्थित थे।

200 करोड़ से तैयार हो रहा है महाभारतकालीन गांव - सांसद सैनी ने जिले के विभिन्न गांवों से आए लोगों की समस्या सुनी और उनके निवारण के लिए मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं को भाजपा पार्टी पूरा मान सम्मान देती है। इसके बाद एक सवाल के जबाव में उन्होंने कहा कि सरकार कुरुक्षेत्र में 200 करोड़ की लागत से महाभारतकालीन गांव तैयार कर रही है। उनका कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि 48 कोस की परिधि में आने वाले पहले 134 तीर्थ स्थान थे लेकिन उन्होंने सभी तीर्थों का निरीक्षण करवाया और अब 165 तीर्थों को चिन्हित किया गया है। इन सभी 165 तीर्थों के जीर्णोद्वार का काम चल रहा है।

सीएम फ्लाईग की टीम ने मिष्ठान भंडारों पर दी दबिश, सेम्पल जांच के लिए भेजे

टीम की कारवाई से दुकानदारों में मचा हडकंप, दुकाने बंद कर व्यापारी हुए नौ दो ग्यारह

रोहतक, (हि.स.)। त्योहारी सीजन में लगातार मिठाईयों में मिल रही मिलावट को रोकने के लिए सीएम फ्लाइग व खादय आपूर्ति विभाग की टीम पूरी तरह से अलर्ट मोड़ पर है। सूचना मिलते ही टीम के अधिकारी मौके पर पहुंच जाते है, लेकिन इससे पहले ही व्यापारी अपनी दुकाने बंद कर भाग जाते है। इस दौरान कई दुकानों से सेम्पल लेकर जांच के लिए भी भेजे गए है। टीम की इस कारवाई से दुकानों में हडकंप मचा हुआ है। बुधवार को सीएम फ्लाईंग व खाद आपूर्ति विभाग की टीम शहर में बनी कई मिष्ठान भंडारों पर दबिश दी और जांच के लिए सेम्पल लिए। टीम को सूचना मिली थी कि कई दिनों से मिलावटी मिठाईयां दुकानों पर सप्लाई की जा रही है, जोकि लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। सूचना के आधार पर ही सीएम फ्लाईग व खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम शीला बाईपास स्थित एक प्रतिष्ठित मिष्ठान भंडार पर पहुंची और जांच पड़ताल की। टीम की इस कारवाई से आसपास के दुकानदारों में हडंकप मंच गया और कुछ दुकानदार अपनी दुकान के शटर बंद कर वहां से चले गए। टीम ने मिष्ठान भंडार से सैम्पल भी लिए है। खादय आपूर्ति विभाग अधिकारी जोगेन्द्र ने बताया त्यौहारी सीजन में लगातार मिलावट की शिकायते मिलती है, जिस पर टीम द्वारा सख्त कारवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि कुछ दुकानों से सेम्पल भी लिए गए है।

मरीजों से शिष्टाचार पूर्वक पेश आएं कर्मचारी: डा. राजेश

जींद, (हि.स.)। जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में बुधवार को नर्सिंग कॉलेज के छात्रों, आउटसोर्स कर्मियों, सिक्योरटी कर्मियों, स्वास्थ्य स्टाफ के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में कर्मियों को नैतिकता का पाठ पढ़ाया गया। वर्कशॉप की अध्यक्षता सीएमओ डा. मंजू कादियान, पीएमओ डा. जितेंद्र ने की, जबकि डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कर्मियों को अस्पताल में आने वाले हर मरीज व उसके तिमारदार से शिष्टाचार से पेश आने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि नागरिक अस्पताल में जो भी आता है तो सभी स्वास्थ्य कर्मियों को चाहिए कि वो उनसे शिष्टाचारपूर्वक पेश आएं। कभी किसी कर्मी से कोई जानकारी मांगी जाती है तो उसे वह जानकारी दी जाए न कि उसे गुस्सा दिखाया जाए।

पेज 1 का शेष भाग

दिल्ली सरकार का श्रमिकों को दिवाली तोहफा ...

असंगठित क्षेत्र के ऐसे श्रमिकों को महंगाई भत्ते पर रोक नहीं लगाई जा सकती है, जिन्हें सामान्यतः केवल न्यूनतम मजदूरी मिलती है। इसलिए दिल्ली सरकार ने महंगाई भत्ते जोड़कर नया न्यूनतम वेतन की घोषणा की है। महंगाई भत्ते के तहत अकुशल मजदूरों के मासिक वेतन को 16506 रुपये से बढ़ाकर 16792 रुपये, अर्ध कुशल श्रमिकों के मासिक वेतन को 18187 रुपये से बढ़ाकर 18499 रुपये व कुशल श्रमिकों के मासिक वेतन को 20019 रुपये से बढ़ाकर 20357 रुपये किया गया है। इसके अलावा सुपरवाइजर और लिपिक वर्ग के कर्मचारियों की न्यूनतम मजदूरी की दर बढ़ाई गई है। इनमें गैर मैट्रिक कर्मचारियों का मासिक वेतन 18187 से बढ़ाकर 18499 रुपये, मैट्रिक लेकिन गैर स्नातक कर्मचारियों का मासिक वेतन 20019 से बढ़ाकर 20357 रुपये तथा स्नातक और इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले मजदूरों का मासिक वेतन 21756 से बढ़ाकर 22146 रुपये कर दिया गया है। सिसोदिया ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में मजदूर भाईयों के हित का ध्यान रखते हुए हमने उनका महंगाई भत्ता बढ़ाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि पिछले दो साल में कोरोना के कारण समाज का हर वर्ग आर्थिक रुप से भी प्रभावित हुआ है। उपर से रोजमर्रा की उपभोग की वस्तुओं के लगातार बढ़ते दाम से लोगों की कमर टूट गई हैं। ऐसे में मैं उम्मीद करता हूं कि इस बढ़ोतरी से मजदूर भाईयों को सहायता मिलेगी। उपमुख्यमंत्री ने साझा किया कि दिल्ली में मजदूरों को मिलने वाला न्यूनतम वेतन देश के अन्य किसी भी राज्य की तुलना में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल दिल्ली के सभी श्रमिकों को राहत देने के लिए हर 6 महीने में लगातार महंगाई भत्ते को बढ़ाती है।

मेहसाणा के बहुचराजी से गुजरात गौरव यात्रा ...

गंगोत्री गुजरात को बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को आधुनिक भारत बनाते हुए दुनिया के नक्शे पर खड़ा किया। पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार का जिक्र कर नड्डा ने कहा कि उन्होंने नैनो को ना कहा तो गुजरात के मुख्यमंत्री रहते नरेन्द्र मोदी ने उसका स्वागत किया और विकास को बढ़ावा दिया। गुजरात ने विकास का नया आयाम साबित किया। नर्मदा के पानी लाने के संबंध में प्रधानमंत्री मोदी की तड़प का जिक्र कर उन्होंने कहा कि वे परियोजना को शीघ्र पूरा करना चाहते थे। कोरोना काल का जिक्र कर नड्डा ने कहा कि अमेरिका और यूरोप में लोग अभी तक मास्क पहने लोग नजर आते हैं लेकिन भारत ने इस दिशा में अभूतपूर्व काम किया। नौ महीने में दो-दो वैक्सीन जनता को दी गई। देश में 217 करोड़ कोरोना डोज का सुरक्षा कवच दिया गया। नड्डा ने सरकार को प्रो एक्टिव बताते हुए कहा कि यह लोगों के दुख दर्द को समझने वाली सरकार है जबकि पूर्ववर्ती सरकारों ने टीबी, स्माल पॉक्स, पोलियो, जापानी बुखार को दूर करने में वर्षों लगाए। सरकार की उपलब्धि गिनाते हुए उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध में 22 हजार बच्चों को एक सप्ताह में घर पहुंचाया गया। इनमें दो हजार बच्चे गुजरात के थे। यूपीए की सरकार के समय दिन भर में 12 किमी नेशनल हाइवे बनते थे, अभी 37 किलोमीटर बनते हैं। रेलवे लाइन एक साल में 375 किमी बनती थी, आज 1458 किलो मीटर बनती हैं। नैनो यूरिया के संबंध में जेपी नड्डा ने कहा कि इसका पेटेंट गुजरात के बच्चे ने हासिल किया है तो इसे गुजरात में लागू कर कृषि जगत में क्रांति लाने का प्रयास चल रहा है। कांग्रेस काल के भ्रष्टाचार का आरोप लगा उन्होंने कहा कि पहले एक रुपये से 85 रुपये गायब हो जाते थे। अब प्रधानमंत्री ने 11 करोड़ किसान को शिमला से एक बटन दबाकर 15 सेंकेंड के अंदर दो-दो हजार रुपये उनके खाते में पहुंचा दिए। गुजरात को एम्स दिया और देश को 22 एम्स दिए। गुजरात में पहले 9 मेडिकल कॉलेज थे, अब 30 है। एक हजार की जगह अब हर साल 6 हजार चिकित्सक बनते हैं। देश का कृषि बजट 27 हजार करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1 लाख 24 हजार करोड़ रुपये किया गया है।

कृषि क्षेत्र देश की रीढ़ : नरेंद्र सिंह तोमर ...

इसकी निरंतरता बनी रहे, इस दिशा में काम करने की जरूरत है। तोमर ने कहा कि आज कृषि के समक्ष मौजूद चुनौतियों पर विचार करने की जरूरत है। सभी तरह की अनुकूलताओं के बाद भी कृषि का क्षेत्र और उसकी लाभ-हानि प्रकृति पर काफी निर्भर करती है। खेती के प्रति लोगों की उत्सुकता व लगाव बढ़ना चाहिए, खेती अगली पीढ़ी के लिए आकर्षक हो और खेती करने वालों को खेती के लिए रोका जा सके, इस दिशा में और अधिक काम करने की जरूरत है। तोमर ने कहा कि किसानों और बाजार के बीच की दूरी कम करने, ग्रामीण इलाकों में इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराने, बिचौलियों के दखल खत्म करने के लिए सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि देश में छोटे किसानों की संख्या अधिक है, जिनके पास छोटा रकबा है व निवेश के लिए राशि नहीं है, ऐसे किसानों के लिए केंद्र सरकार 10 हजार नए किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) बना रही है, जिनके लिए 6,865 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है और छोटे-छोटे किसानों को जोड़ा जा रहा है। सरकार की कोशिश है कि किसान समूह में खेती करें, जिससे आदान की लागत कम आए, उत्पादन गुणवत्ता को सुधारा जा सके, छोटे किसान महंगी फसलों की ओर जा सकें व अपनी शर्तों पर उपज मूल्य प्राप्त कर सकें।

रेसलर हत्याकांड में पहलवान सुशील कुमार व 17 ...

दलाल, मोहित ऊर्फ भोली, मनजीत ऊर्फ चुन्नीलाल, गुलाब, रोहित मलिक ऊर्फ सोनू, बिजेंदर ऊर्फ बिंदर, अनिरुद्ध दहिया, सुभाष, गौरव लौरा, सुरजीत ग्रेवाल ऊर्फ काला, भूपेंद्र, अनिल धीमान, प्रवीण डबास पुत्र साहिब सिंह डबास, प्रवीण ऊर्फ छोटी, राहुल ऊर्फ ढांडा और प्रवीण डबास पुत्र सुरेश ऊर्फ गुनिया शामिल हैं। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 2 अगस्त 2021 को इस मामले में 170 पन्नों की पहली चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने 6 अगस्त 2021 को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की ओर से दाखिल पहली चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। दिल्ली पुलिस ने 23 मई 2021 को पहलवान सुशील कुमार को मुंडका से गिरफ्तार किया था। आरोप है कि सुशील कुमार और दहिया ने कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर संपत्ति विवाद में 4 और 5 मई 2021 की दरम्यानी रात को सागर धनखड़ और उसके दोस्तों की कथित तौर पर पिटाई की थी। चार्जशीट में कहा गया है कि अनिरुद्ध दहिया एक अंतरराष्ट्रीय पहलवान है और उसके पिता भी पहलवान थे। दहिया को 10 जून 2021 को गिरफ्तार किया गया था।

जेपी को टिकट मिलने के साथ ही कांग्रेस में उठने लगे विरोध के स्वर

-हाईकमान व जेपी ने नाराजगी दूर नहीं की तो गुरूवार को कह देंगे कांग्रेस को अलविदा

-इनेलो का चश्मा पहनने या पंचायती उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने की चर्चाएं

हिसार, (हि.स.)। आदमपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में जयप्रकाश की घोषणा होने के साथ ही पार्टी में विरोध के स्वर उठने शुरू हो गए हैं। मंगलवार को महापंचायत करके टिकट पर दावा ठोंकने वाले बालसमंद गांव निवासी कुरड़ाराम नंबरदार ने कांग्रेस हाईकमान को जयप्रकाश के खिलाफ अल्टीमेटम दे दिया है वहीं उनके समर्थकों ने बागी तेवर अपना लिए हैं। सूत्र तो यहां बता रहे हैं कि कुरड़ाराम नंबरदार गुरूवार को पार्टी छोड़ सकते हैं।

जयप्रकाश की टिकट की घोषणा होने के साथ ही कुरड़ाराम नंबरदार ने विरोध कर डाला था। इसके साथ उनके समर्थकों ने गांव में बनए कांग्रेस कार्यालय पर लगे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा व दीपेन्द्र हुड्डा के पोस्टर तक हटा दिए थे। समर्थकों से विचार-विमर्श के बाद कुरड़ाराम ने कांग्रेस हाईकमान को बुधवार सायं तक का अल्टीमेटम दिया था और माना जा रहा है कि यदि कांग्रेस हाईकमान ने आज रात या गुरूवार सुबह तक उनकी नाराजगी दूर नहीं की तो वे पार्टी को अलविदा कह सकते हैं। आदमपुर हलके के सबसे बड़े गांव बालसमंद के किसी नेता का कांग्रेस से नाराज होना व उनका पार्टी छोड़ना कांग्रेस के लिए बड़ा झटका साबित हो सकता है। यदि गुरूवार सुबह तक कुरड़ाराम की नाराजगी को कांग्रेस हाईकमान या जयप्रकाश दूर नहीं कर पाए तो दिन में वे पार्टी छोड़ने का ऐलान कर सकते हैं। सूत्र तो यहां तक बता रहे हैं कि कांग्रेस छोड़ने के साथ ही इनेलो का चश्मा पहन सकते हैं। साथ ही यह भी संभावना है कि वे पंचायती उम्मीदवार के तौर पर भी चुनाव लड़ सकते हैं। इस संबंध में कुरड़ाराम से बातचीत करने का प्रयास किया गया तो बताया गया कि वे समर्थकों से विचार-विमर्श में व्यस्त है और गुरूवार सुबह हिसार में ही कोई खुलासा करेंगे।

एडवांस जर्नलिज्म एंड रिपोर्टिंग टेक्निक कोर्स

रिपोर्टिंग में अपना भविष्य बनाने वाले लोगों के लिए सुनहरा मौका

जॉब प्लेसमेंट 100 परसेंट गारंटीड

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें +91 8375000984

Bvc601253

प्रभारी,शाकिर अली, csc
जनसेवा केंद्र व प्रेस रिपोर्टर,गांव
बिडोली सादात ज़िला शामली,
up, मो,9837575161

DELHI CRIME 13 oct 2022:Layout 1 10/12/2022 10:57 PM Page 4

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में तीन साल के लिए चुने गए 14 देश

न्यूयॉर्क, (हि.स.)। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में तीन साल के लिए 14 देश चुने गए हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष कसाबा कोरोसी ने इस बाबत हुए मतदान के बाद वर्ष 2023 से 2025 के लिए बांग्लादेश, मालदीव, जर्मनी और दक्षिण अफ्रीका सहित 14 देशों के चुने जाने का एलान किया। जानकारी के अनुसार संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में एक जनवरी 2023 से 31 दिसंबर 2025 तक के लिए 12 सदस्य देशों के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा के सदस्य देशों के बीच मतदान हुआ था। संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष कसाबा कोरोसी ने बताया कि 1 जनवरी, 2023 से शुरू होकर तीन साल के लिए अल्जीरिया, बांग्लादेश, बेल्जियम, चिली, कोस्टा रिका, जॉर्जिया, किर्गिस्तान, मालदीव, मोरक्को, रोमानिया, दक्षिण अफ्रीका, सूडान, जर्मनी और वियतनाम को चुना गया है। मानवाधिकार परिषद के कुल सदस्य देश 47 हैं। दक्षिण कोरिया और वेनेजुएला इस शीर्ष मानवाधिकार संस्था की सदस्यता के लिए पुनः चुने जाने के लिए मैदान में थे, किन्तु उन्हें सफलता नहीं मिल सकी है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के जिम्मे दुनिया भर में मानवाधिकारों की रक्षा करना व उन्हें बढ़ावा देने का काम है। परिषद में सदस्यता के लिये संयुक्त राष्ट्र महासभा के सदस्य देश गोपनीय मतदान करते हैं। ये सदस्य देश मानवाधिकार परिषद के सदस्य देश, तीन वर्ष की अवधि के लिये चुने जाते हैं। कोई भी सदस्य देश लगातार दो कार्यकाल पूरा करने के बाद तीसरे कार्यकाल के लिए उम्मीदवार नहीं हो सकते हैं।

यूक्रेन पर मिसाइल और ड्रोन से लगातार हवाई हमले कर रहा रूस, जेलेंस्की ने जी-7 की बैठक को किया संबोधित

कीव, (हि.स.)। रूस ने मंगलवार को यूक्रेन पर लगातार मिसाइल और ड्रोन से हवाई हमले जारी रखा। इससे एक दिन पहले किए गए हमलों में 19 लोगों की मौत हो गई थी। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने इन हमलों को स्तब्धकारी बताया और कहा कि यह युद्ध अपराध के समान हो सकते हैं। यूक्रेन में मंगलवार की सुबह दूसरे दिन भी हवाई हमलों की चेतावनी जारी की गई और कीव और कई अन्य शहरों में कुछ महीनों की शांति के बाद कुछ निवासियों को वापस पनाहगाहों में भेजा गया। यूक्रेन की राजधानी कीव समते 12 क्षेत्रों पर सोमवार को रूस ने बमबारी की। यूक्रेन के अधिकारियों ने लोगों से रसद और पानी के भंडारण की सलाह के साथ सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी है। रूसी मिसाइलों के हमले में कई क्षेत्रों में बिजली चली गई है। राजधानी कीव के 67 वर्षीय निवासी वोलोदीमीर वसीलेंको ने कहा कि इन हमलों से डर नहीं लग रहा है बल्कि गुस्सा आ रहा है। उन्होंने कहा, हम इसके आदी हो चुके हैं और हम लडऩा जारी रखेंगे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को वीडियो लिंक के माध्यम से सात औद्योगिक शक्तियों के समूह (जी-7) को संबोधित किया। बैठक के बाद जी-7 के नेताओं ने कहा कि उनका देश यूक्रेन के साथ मजबूती से खड़ा है। रूस ने मंगलवार को बिजली संयंत्रों और असैन्य इलाकों पर बमबारी की। उसने सोमवार को भी ऐसा ही किया था। राज्य आपात सेवा ने बताया कि दक्षिणी शहर जापोरिज्जिया में सार्वजनिक स्थानों पर 12 मिसाइलें गिरने के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई और भीषण आग लग गई। एक स्थानीय अधिकारी ने बताया कि मिसाइलें, स्कूल, आवासीय इमारतों और अस्पतालों पर गिरी हैं। पश्चिमी ल्वीव और विन्नीत्सया क्षेत्रों में बिजली संयंत्रों को निशाना बनाया गया है। इस वजह से देश के 300 से ज्यादा शहरों में बिजली गुल हो गई। अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेन के बलों ने रूस की एक मिसाइल को कीव पहुंचने से पहले ही हवा में मार गिराया। राज्य आपात सेवा ने कहा कि सोमवार को हुए हमलों में 19 लोगों की मौत हो गई और 105 लोग घायल हुए हैं। रूस को क्रीमिया प्रायद्वीप से जोडऩे वाले एक पुल पर सप्ताहांत पर किए गए विस्फोट के जवाब में रूस ने ए हमले किए हैं। रूस ने 2014 में यूक्रेन से इस क्षेत्र को लेकर अपने देश में मिला लिया था।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने आरोप लगाया कि शनिवार को केरच ब्रिज पर किए गए हमले की मास्टरमाइंड यूक्रेन की विशेष सेवा है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयुक्त के दफ्तर की प्रवक्ता रवीना शमदासानी ने जिनेवा में मंगलवार को पत्रकारों से कहा कि बिजली संयंत्र और अन्य असैन्य ठिकानों पर हमले करना युद्ध अपराध की श्रेणी में आ सकता है। वहीं, यूक्रेन पर परमाणु हमले को लेकर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि मॉस्को तब ही परमाणु हथियारों का सहारा लेगा जब रूस को तबाही का सामना करना पड़ेगा। सरकारी टीवी से बातचीत करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिमी देश रूस की मंशा को लेकर झूठी अटकलों को बढ़ावा दे रहे हैं। इस बीच रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने मंगलवार को चेताया कि यूक्रेन को पश्चिमी देशों की सैन्य सहायता, नाटो के सदस्य देशों में उसके सैनिकों को प्रशिक्षित करना, यूक्रेन को उपग्रह का डेटा उपलब्ध कराना, पश्चिमी देशों को कीव की तरफ से संघर्ष में तेजी से शामिल कर रहा है।

म्यांमार की अदालत ने आंग सान सू की को दो और मामलों में दोषी ठहराया, सजा की अवधि बढ़ाकर 26 साल की

नाएप्यीडॉ (म्यांमार), (हि.स.)। सैन्य शासित म्यांमार की एक अदालत ने बुधवार को अपदस्थ नेता आंग सान सू की को भ्रष्टाचार के दो मामलों में दोषी ठहराया है। अदालत ने उनकी सजा की अवधि बढ़ाकर 26 साल कर दी है। पिछले महीने अदालत ने आंग सान सू की को एक अन्य आपराधिक मामले में दोषी ठहराते हुए तीन साल कैद की सड़ी सजा सुनाई थी। सू की को फरवरी 2021 में तख्तापलट के बाद से हिरासत में लिया गया था। उन्हें भ्रष्टाचार और उकसावे सहित कई अपराधों के लिए दोषी ठहराया जा चुका है। म्यांमार की अदालत के ताजा फैसले से अपदस्थ नेता की नेशनल लीग डेमोक्रेसी पार्टी के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। सैन्य सरकार नए चुनाव से पहले इस पार्टी को भंग करने की बात कह चुकी है। सेना ने 2023 में चुनाव कराने का वादा किया है। सू की की पार्टी ने 2020 के आम चुनाव में भारी जीत हासिल की थी। मगर म्यांमार की सेना ने 1 फरवरी, 2021 को सू की की चुनी हुई सरकार से यह कहते हुए कि सत्ता हथिया ली कि उसने कथित तौर पर चुनाव में धोखाधड़ी की है। इसके साथ ही सू की की पूर्व सरकार के दो वरिष्ठ सदस्यों को भी सजा सुनाई गई। है। म्यांमार में 1 फरवरी, 2021 की रात सेना ने तख्तापलट करते हुए सू की को हाउस अरेस्ट कर लिया था। मिलिट्री लीडर जनरल मिन आंग हलिंग तब से प्रधानमंत्री के रूप में कार्यरत हैं। जनरल मिन आंग हलिंग ने कहा था कि 2023 में आपातकालीन खत्म कर दिया जाएगा। साथ ही आम चुनाव भी कराए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि तख्तापलट के बाद लोकतंत्र समर्थकों और सेना के बीच हुई हिंसा में तकरीबन 940 लोग मारे जा चुके हैं।

पुतिन से बातचीत के बाद ही टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने पेश किया था शांति प्रस्ताव

-मीडिया रिपोर्ट में यूरेसिया ग्रुप के अध्यक्ष इयान ब्रेमर के हवाले से किया गया दावा

वाशिंगटन (ईएमएस)। यूक्रेन-रूस युद्ध को लेकर ट्विटर पर शांति प्रस्ताव पेश करने वाले टेस्ला के सीईओ एलन मस्क पर बड़ा आरोप लगा है। एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि एलन मस्क ने शांति प्रस्ताव पेश करने से पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की थी। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यूरेसिया ग्रुप के अध्यक्ष इयान ब्रेमर ने स्वीकार किया है कि टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने उन्हें बताया कि उन्होंने पुतिन और क्रेमलिन दोनों से यूक्रेन के संबंध में बात की है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ब्रेमर ने कहा कि पुतिन बातचीत के लिए तैयार थे, लेकिन तब जब क्रीमिया रूस का ही भाग बना रहे और यूक्रेन डोनेट्स्क, लुहांस्क, खेरसॉन और जापोरिज्जिया को रूस के हिस्से के रूप में स्वीकार कर ले। ब्रेमर के अनुसार, मस्क ने कहा कि पुतिन ने उन्हें बताया कि इन लक्ष्यों को किसी भी कीमत पर और यहां तक कि परमाणु हमले के संभावित जोखिम पर भी पूरा किया जाएगा। टेस्ला के सीईओ ने उनसे कहा कि इन परिणामों से बचने के लिए सब कुछ करने की जरूरत है। आपको बता दें कि शांति प्रस्ताव पेश करने के दौरान मस्क ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल के माध्यम से यूक्रेन में रूसी कार्रवाइयों को समाप्त करने के लिए एक ट्विटर पोल किया था। टेस्ला के सीईओ ने संघर्ष को हल करने के लिए कई विचार साझा किए थे, जिसपर उन्होंने अपने फॉलोवर्स से उनके प्रस्तावों पर हां या नहीं में वोट करने के लिए कहा।

महसा की खबर शेयर करने वाली पत्रकार नीलोफर हमीदी को ईरानी पुलिस ने हिरासत में लिया, ढाए जा रहे जुल्म

तेहरान (ईएमएस)। ईरान में पुलिस हिरासत में छात्रा महसा अमीनी की मौत के बाद से हिजाब के विरोध में करीब एक महीने से प्रदर्शन हो रहे हैं। ईरान में चल रहे विरोध प्रदर्शनों में 19 बच्चों सहित कम से कम 185 लोग मारे जा चुके हैं। ईरानी सरकार के कोप का शिकार महसा अमीनी की मौत की खबर को सबसे पहले ट्विटर पर शेयर करने वाली महिला पत्रकार नीलोफर हमीदी भी हुई है। नीलोफर हमीदी को पिछले 18 दिनों से पुलिस की हिरासत में रखा गया है और उनका उत्पीडन किया जा रहा है। ईरानी पत्रकार नीलोफर हमीदी को स्थानीय पुलिस ने ट्विटर पर सबसे पहले महसा अमीनी की मौत की खबर साझा करने के लिए गिरफ्तार किया है। हमीदी ने छात्रा की फोटो के साथ एक भावुक पोस्ट किया था, जो देखते ही देखते वायरल हो गया था। ईरानी जांच एजेंसी ने नीलोफर हमीदी को हिरासत में लेने के साथ ही उनके ट्विटर अकाउंट को भी सस्पेंड करा दिया है। हमीदी के वकील मोहम्मद अली कामफिरौजी के हवाले से बताया कि पुलिस ने महसा की मौत के छह दिन बाद 22 सितंबर को उन्हें हिरासत में लिया था। इस दौरान हमीदी के घर छापा भी मारा गया था जिसमें उनके घर की तलाशी लेकर उनका जरूरी सामान भी जब्त कर लिया गया।

कामफिरौजी ने आगे बताया कि हमीदी पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है, बावजूद उन्हें ईरान की एविन जेल के एकांत कारावास में रखा गया है। हमीदी को देश में बहादुर पत्रकार के रूप में वर्णित किया जाता है, जो महिलाओं के मुद्दों और अधिकारों के बारे में लगातार लिखती रही हैं। पिछले दिनों उन्होंने ईरानी लेखक और कलाकार सेपिदेह रश्नो के परिवार का साक्षात्कार लिया था, जिन्हें जुलाई में इस्लामिक ड्रेस कोड का उल्लंघन करने पर गिरफ्तार किया गया डऐ। नॉर्वे स्थित ईरान ह्यूमन राइट्स ग्रुप ने कहा कि ईरान में चल रहे देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों में 19 बच्चों सहित कम से कम 185 लोग अब तक मारे जा चुके हैं। सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में सबसे ज्यादा हत्याएं दर्ज की गई हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कुर्दिश शहर साकेज से शुरू हुए यह प्रदर्शन अब राजधानी तेजरन समेत देश के सभी इलाकों में फैल गए हैं।

ईरानी अधिकारियों ने विरोध प्रदर्शनों को संयुक्त राज्य अमेरिका सहित ईरान के दुश्मनों द्वारा रची गई साजिश बताया है। ईरान का आरोप है कि पश्चिमी देश लोगों को हथियार देकर राज्य के खिलाफ हिंसा के लिए प्रेरित कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में सुरक्षा बलों के कम से कम 20 सदस्य मारे जा चुके हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति पद की पूर्व उम्मीदवार तुलसी गबार्ड ने छोड़ी डेमोक्रेटिक पार्टी, लगाए नस्लवाद के आरोप

वाशिंगटन, (हि.स.)। अमेरिकी राष्ट्रपति पद की पूर्व उम्मीदवार तुलसी गबार्ड ने मंगलवार को डेमोक्रेटिक पार्टी से नाता तोड़ने की घोषणा की। उन्होंने पार्टी पर देश में हर मुद्दे को नस्लीय बनाने का आरोप लगाया। गबार्ड ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए लगभग 30 मिनट के एक वीडियो में यह घोषणा की है। तुलसी गबार्ड ने डेमोक्रेटिक पार्टी को नस्लवाद का दोषी ठहराते हुए कहा है कि वो अब इस पार्टी की सदस्य नहीं रह सकती हैं। यह पार्टी कायरता से प्रेरित है। ये हर मुद्दे को नस्लीय बनाकर हमें बांटते हैं और श्वेत-विरोधी नस्लवाद को भड़काते हैं। गबार्ड ने अपने साथी डेमोक्रेट्स से इस मसले पर साथ देने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि उनके साथियों को भी पार्टी छोड़ देनी चाहिए। वह पिछले दो दशक से डेमोक्रेटिक पार्टी के साथ जुड़ी हुई थी।

आज का इतिहास 13 अक्टूबर

1241 रजिया सुल्तान की मौत हुई।
1679 मछलीपट्टनम में तूफान से बीस हजार से अधिक लोग मारे गए।
1815 ब्रिटेन ने असंसियान द्वीप पर कब्जा किया।
1861 इटली को कई हिस्सों में बांटा गया।
1881 ट्रांसवाल ने ब्रिटेन से स्वतंत्र होने की घोषणा की।
1923 अंकारा तुर्की की राजधानी बनी।
1943 द्वितीय विश्व युद्ध में इटली ने जर्मनी के खिलाफ जंग का ऐलान किया।
1952 मिस्त्र और सूडान के बीच नील नदी के जल के बारे में समझौता हुआ।
1965 कांगो के राष्ट्रपति जोसफ कासायुवु ने मोइर्स शोम्बे की सरकार को बर्खास्त कर दिया।
1968 पनामा की सैनिक सरकार ने असैनिक मंत्रिमंडल का गठन किया।
1971 कनाडा ने चीन के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने की घोषणा की।
1985 श्रीलंका में तमिल उग्रवादियों ने दो बार युद्ध विराम का उल्लंघन किया।
1987 कोस्टारिका के राष्ट्रपति आस्कर एरियास सांर्चज को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की गई।
1988 मिस्त्र के लेखक नगीब महफूज को साहित्य नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा हुई।
1989 अमरीका ने पनामा में तानाशाह मैनुअल नोरिगा को सत्ता से हटाने में बल प्रयोग का संकेत दिया।
1991 लेबनान के ईसाई नेता जनरल माइकेल आउन ने सीरियाई हमले के बाद फ्रांसीसी दूतावास में शरण ली।
2005 राहुल द्रविड़ भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान बने।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर विदेश से प्रतिबंधित फंडिंग लेने के आरोप में मामला दर्ज

इस्लामाबाद, (हि.स.)। संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने विदेश से प्रतिबंधित धन प्राप्त करने के आरोप पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ में मामला दर्ज किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह मामला इस्लामाबाद में एफआईए के कॉरपोरेट बैंकिंग सर्कल के माध्यम से दायर किया गया था। दर्ज मामले के के अनुसार आरिफ मसूद नकवी, जो वूटन क्रिकेट लिमिटेड के मालिक हैं, उन्होंने पीटीआई के नाम से पंजीकृत एक बैंक खाते में गलत तरीके से धन हस्तांतरित किया था। शिकायत के मुताबिक धनराशि के लेन-देन की वास्तविकता छिपाने के लिए इस धन का हस्तांतरण किया गया। दर्ज मामले के मुताबिक पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के नेताओं ने विदेशी मुद्रा अधिनियम का उल्लंघन किया है। उन्हें संदिग्ध बैंक खातों के लाभार्थियों के रूप में घोषित किया गया है। प्राथमिकी में कहा गया है कि आरिफ मसूद नकवी ब्रिटेन और अमेरिका में निवेशकों से धोखाधड़ी के मुकदमे का भी सामना कर रहा है।

शिकायत में इमरान खान, सरदार अजहर तारिक खान, सैफुल्ला खान नियाजी, सैयद यूनुस अली रजा, आमेर महमूद कियानी, तारिक रहीम शेख, तारिक शफी, फैसल मकबूल शेख, हामिद जमान और मंजूर अहमद चौधरी का नाम है।

अंतरिक्ष में चीन बढ़ा रहा है अपनी ताकत

- लेजर तकनीकी से सेटेलाइट को गिराएगा चीन

लंदन (ईएमएस)। ब्रिटिश खुफिया एजेंसी जीसीएचयू के प्रमुख ने चीन के द्वारा अंतरिक्ष में अपनी ताकत बढ़ाने पर चिंता व्यक्त की है।अंतरिक्ष में चीन अपना कब्जा जमाने की होड़ में लगा हुआ है। चीन किसी भी सेटेलाइट के नेटवर्क को ध्वस्त कर सकता है। उन्हें ट्रेस कर सकता है। किसी भी देश की संचार निगरानी और जीपीएस सिस्टम को बर्बाद कर सकता है। ब्रिटिश खुफिया एजेंसी के प्रमुख ने चेतावनी जारी की है,कि चीन अब लेजर सिस्टम पर काम कर रहा है। जिसके जरिए वह किसी भी सैटेलाइट नेटवर्क को ध्वस्त कर सकता है। यदि ऐसा हुआ,तो मिसाइल अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकेंगी। वहीं किसी भी देश का संचार माध्यम, डिजिटल लेनदेन, डिजिटल करेंसी, इत्यादि पर भी बड़ा खतरा उत्पन्न हो जाएगा। खुफिया प्रमुख ने चीन की वैश्विक तकनीकी प्रभुत्व को रोकने के लिए कठोर कार्यवाही करने की आवश्यकता बताई है। रूस और यूक्रेन युद्ध के दौरान जिस तरीके की स्थितियां वैश्विक स्तर पर बन रही हैं। उससे सबसे बड़ी चिंता अब सेटेलाइट को लेकर दुनिया के सभी देशों को, विशेष रुप से अमेरिका ब्रिटेन की चिंता बढ़ गई है। रूस और चीन सबसे बड़ी चिंता का विषय सारी दुनिया के लिए बन गए हैं।

लगभग 500 व्हेल मछलियों की मौत हो गई

ऑकलैंड (ईएमएस)। न्यूजीलैंड के सुदूर चैथम द्वीप समूह में बड़े पैमाने पर फंसी लगभग 500 व्हेल मछलियों की मौत हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक चैथम द्वीप के समुद्र तट पर 250 पायलट व्हेल और फिर तीन दिन बाद पिट द्वीप पर 240 अन्य व्हेल के फंसे होने की सूचना सरकार को मिली थी। व्हेल के मरने पर लोकल अधिकारियों ने बताया कि इन स्थानों की न्यूजीलैंड की मुख्य भूमि से दूरी ने बचाव अभियान को असंभव कर दिया था। इस कारण से प्रशासन ने उन्हें इच्छा मृत्यु देने का फैसला किया। मनुष्यों और पायलट व्हेल पर शार्क के हमलों के जोखिम को देखकर जीवित व्हेल को इच्छा मृत्यु दी गई। सरकारी तकनीकी समुद्री सलाहकार ने बताया कि उनकी प्रशिक्षित टीम द्वारा आगे की पीड़ा को रोकने के लिए व्हेल को इच्छामृत्यु दी गई। इस फैसले को कभी हल्के में नहीं लिया जाता है, लेकिन इस तरह के मामलों में यह सबसे अच्छा विकल्प होता है। इन व्हेल की मृत्यु के बाद शवों को साइट पर प्राकृतिक रूप से सड़ने के लिए छोड़ दिया जाएगा। चैथम द्वीप समूह पर वर्ष 1918 में करीब 1,000 व्हेल फंस गई थीं। इसतरह 2017 में, लगभग 700 पायलट व्हेल का एक बड़ा समूह द्वीप के किनारों पर फंस गया था। वैज्ञानिक पूरी तरह से यह नहीं समझ पाए हैं कि बड़े पैमाने पर स्ट्रैंडिंग क्यों होती है, लेकिन कुछ शोधकताओं का मानना है कि तट के बेहद करीब आने पर ऐसी घटनाएं सामने आती हैं।

नीदरलैंड में एक महिला कद्दू के बगीचे में लगे हुए विशाल कद्दू देखती हुई।

(फोटो-ईएमएस)

DELHI CRIME 13 oct 2022:Layout 1 10/12/2022 10:57 PM Page 5

आईएमएफ ने भारत के आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.8 प्रतिशत किया

- जुलाई में आईएमएफ ने भारत की वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था

नई दिल्ली (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने वर्ष 2022 के लिए भारत के आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान में कटौती कर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। इसके पहले जुलाई में आईएमएफ ने भारत की वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। हालांकि वह अनुमान भी इस साल जनवरी में आए 8.2 प्रतिशत के वृद्धि अनुमान से कम ही था। भारत की आर्थिक वृद्धि दर वित्त वर्ष 2021-22 में 8.7 प्रतिशत रही है। आईएमएफ ने विश्व आर्थिक परिदृश्य को लेकर हाल ही में जारी अपनी नवीनतम रिपोर्ट में कहा कि इस साल भारत की वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत ही रहने की संभावना दिख रही है। यह जुलाई में व्यक्त पिछले अनुमान से 0.6 प्रतिशत कम है। यह दूसरी तिमाही में आर्थिक गतिविधियों के उम्मीद से कमजोर रहने और बाह्य मांग में भी कमी आने की ओर इशारा करता है। इस-

के पहले विश्व बैंक जैसी कई अन्य संस्थाएं भी भारत के वृद्धि के अनुमान में कटौती कर चुकी हैं। विश्व बैंक ने पिछले हफ्ते भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 7.5 प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया था। आईएमएफ ने वैश्विक आर्थिक वृद्धि के भी वर्ष 2022 में 3.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है जो कि नई सदी में सबसे सुस्त वृद्धि होगी। वर्ष 2021 में वैश्विक वृद्धि छह प्रतिशत पर रही लेकिन अगले साल इसके 2.7 प्रतिशत तक खिसक जाने की आशंका है। मुद्राकोष ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस अनुमान में गिरावट का सीधा संबंध बड़ी अर्थव्यवस्था में आ रही व्यापक सुस्ती से है।

इसके मुताबिक, वर्ष 2022 की पहली छमाही में अमेरिका का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) सिकुड़ गया, दूसरी छमाही में यूरोपीय देशों की अर्थव्यवस्था में संकुचन है और चीन में कोविड-19 का प्रकोप अभी तक बना हुआ है। आईएमएफ ने इस रिपोर्ट की भूमिका में कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था अब भी बड़ी चुनौतियों का सामना कर रही है। यूक्रेन पर रूस के हमले, मुद्रास्फीतिक दबाव से जीवन व्यतीत करने में मुश्किलें आने और चीन में सुस्ती से कई असर हो रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी भी दी कि वर्ष 2023 में मुश्किलें अभी और बढ़ सकती हैं।

पावर ग्रिड ने पारेषण परियोजना के निर्माण के लिए विशेष इकाई का अधिग्रहण किया

मुंबई (ईएमएस)। सार्वजनिक क्षेत्र की पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने एक विशेष इकाई (एसपीवी) में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद ली है। पावर ग्रिड ने यह अधिग्रहण पूर्वी और पूर्वोत्तर क्षेत्रों के लिए एक अंतर-राज्यीय पारेषण परियोजना के निर्माण के लिए किया है। इस एसपीवी का 7.04 करोड़ रुपये के कुल मूल्य पर अधिग्रहण किया गया है। इसमें 10 रुपये प्रति शेयर के आधार पर 50,000 शेयर और संपत्तियों के साथ देनदारियों का लेनदेन शामिल है। कंपनी ने बताया कि अधिग्रहण मूल्य कंपनी के अंके-

क्षित खातों के अनुसार समायोजन के अधीन है। कंपनी ने कहा, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने 10 अक्टूबर, 2022 को ईआर एनईआर ट्रांसमिशन लिमिटेड (ईटीएल) का अधिग्रहण कर लिया। इस इकाई का गठन पूर्वी और पूर्वोत्तर क्षेत्रों के लिए प्रणाली सुदृढ़ीकरण योजना को लेकर अंतर-राज्यीय पारेषण प्रणाली स्थापित करने के लिए किया गया है।

इलेक्ट्रिक कार बाजार में टाटा को टक्कर देगी चीनी कंपनी बीवाईडी

अभी तक इस खंड में टाटा का एकाधिकार

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश में इलेक्ट्रिक कार बाजार में दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है। वर्तमान में भारत के इलेक्ट्रिक कार मार्केट में टाटा मोटर्स का दबदबा है। कंपनी ने हाल में अपनी इलेक्ट्रिक हैचबैक टियागो ईवी लांच की है। इस लेकर ग्राहकों में जबरदस्त क्रेज है। सोमवार को इसकी बुकिंग शुरू हुई और देखते ही देखते कंपनी की वेबसाइट ठप हो गई। बाद में वेबसाइट को दुरुस्त किया गया। कंपनी का दावा है, कि 24 घंटे में 10,000 यूनिट्स की बुकिंग होगी चुकी है। इसकी बेस प्राइस 8.49 लाख रुपये से शुरू हो रही है। लेकिन अब टाटा को इलेक्ट्रिक खंड में कड़ी चुनौती मिल सकती है। इसकी वजह यह है कि इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली चीनी कंपनी बीवाईडी देश में अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार भारत में उतार दी है। इस कंपनी ने अमेरिकी दिग्गज निवेशक वॉरेन बफेट का निवेश है। चीनी कंपनी पहले से ही भारत में कॉरपोरेट फ्लीट्स के लिए इलेक्ट्रिक बस और इलेक्ट्रिकवाहन बेच रही है। रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी ने भारत में अपनी ऑटो 3 इलेक्ट्रिक एसयूवी

उतार दी है। भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा कार बाजार है, इलेक्ट्रिक कार बाजार में फिलहाल टाटा मोटर्स का दबदबा है। चीन की कंपनी दुनिया के कई देशों में इलेक्ट्रिक कार और प्लग इन इलेक्ट्रिक हाइब्रिड्स बेच रही है। इसमें नॉर्वे, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, ब्राजील, कोस्टारिका और कोलंबिया शामिल है। बीवाईडी ने इसी साल घोषणा की थी कि वह 2023 में जापान में पैसेंजर ईवी बेचना शुरू करेगी। साथ ही उसकी थाईलैंड में एक फैसिलिटी शुरू करने की भी योजना है, ताकि 2024 से इसमें 150,000 कारों का उत्पादन किया जा सके। कंपनी की पहले ही अमेरिका, भारत और ब्राजील सहित दुनियाभर में 30 से अधिक फैसिलिटीज हैं। सूत्रों के मुताबिक कंपनी भारत में कार को असेंबल करेगी और इसके लिए उसे नए निवेश की जरूरत नहीं है। शेनजेन की ऑटो और बैटरी बनाने वाली कंपनी ने 2007 में भारत में प्रवेश किया था। कंपनी का प्लांट चेन्नई के करीब है। शुरूआत में यह मोबाइल फोन के लिए बैटरी और कंपोनेंट्स बनाती थी। साल 2013 में इसने देश में लोकल पार्टनर्स के साथ मिलकर बसें बनाना शुरू किया और 2021 में कॉरपोरेट फ्लीट ऑपरेटर्स के लिए ई6 ईवी लांच की। भारत में कंपनी के प्लांट से सालाना 10,000 कारें असेंबल की जा सकती हैं। कंपनी इसी प्लांट में ऑटो 3 को असेंबल करेगी। कंपनी ने अब तक इसकी कीमत का खुलासा नहीं किया है।

टोयोटा की पायलट परियोजना का शुभारंभ, पूरी तरह एथनॉल से चलने वाली गाड़ी लाएगा

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन पर जापानी वाहन कंपनी टोयोटा की पायलट परियोजना का शुभारंभ किया। इस पायलट परियोजना के तहत गाड़ी पूरी तरह से वैकल्पिक ईंधन ह्यएथनॉलह्न से चल सकती है। परियोजना की शुरूआत करते समय टोयोटा कोरोला एल्टिस एफएफवी-एसएचईवी का अनावरण किया गया, जिसे पायलट परियोजना के लिए टोयोटा ब्राजील से आयात किया गया है। एफएफवी-

एसएचईवी इसतरह के मजबूत हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों को कहते हैं, जो एक से अधिक प्रकार के ईंधन से चलते हैं। इस मौके पर गडकरी ने कहा कि भारत में प्रदूषण एक बड़ी चिंता हैं और परिवहन क्षेत्र प्रदूषण में योगदान देता है। उन्होंने कहा, इसकारण एथनॉल और मेथनॉल जैसे जैविक ईंधन से भी चलने वाले इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। इस मौके पर गडकरी के अलावा केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडे, भूपिंदर यादव और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। टोयोटा ब्राजील ने एफएफवी-एसएचईवी प्रौद्योगिकी की पेशकश की है। इसमें एक फ्लेक्स-ईंधन इंजन और एक इलेक्ट्रिक पावरट्रेन है। इसमें अधिक एथनॉल मिश्रण वाले ईंधन का उपयोग किया जा सकता है और इसकी ईंधन दक्षता भी अधिक होती है।

एडीएनएल को दूरसंचार सेवाओं के लिए मिला लायसेंस

- जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया को मिलेगी कड़ी टक्कर

नई दिल्ली (ईएमएस)। एशिया के सबसे अमीर कारोबारी में से एक गौतम अडानी की कंपनी अडानी डाटा नेटवर्क लिमिटेड(एडीएनएल) को दूरसंचार सेवाओं के लिए एकीकृत लाइसेंस मिल गया है। हाल ही में देश में हुई 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी में स्पेक्ट्रम खरीदने के बाद अडानी ग्रुप ने दूरसंचार क्षेत्र में प्रवेश किया था। अडानी समूह ने कहा था कि वह अपने डाटा सेंटरों के साथ सुपर ऐप के लिए एयरवेव का उपयोग करने की योजना बना रहे हैं जो बिजली वितरण से लेकर हवाई अड्डों तक और बंदरगाहों तक गैस की खुदरा बिक्री को समर्थन देगा। सूत्रों के मुताबिक अडानी डाटा नेटवर्क्स को यूएल दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि अडानी ग्रुप को लाइसेंस दे दिया गया है। मुकेश अंबानी और गौतम अडानी दोनों ही उद्योगपति गुजरात से हैं। अभी तक दोनों समूह अलग-अलग सेक्टर में काम करते आए हैं और उनके बीच कोई सीधी प्रतिस्पर्धा नहीं है। मुकेश अंबानी का रिलायंस समूह तेल, रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल्स से लेकर टेलीकॉम और रिटेल सेक्टर में काम करता है। वहीं अडानी समूह पोर्ट, कोयला, ग्रीन एनर्जी, बिजली वितरण और एविएशन सेक्टर में है लेकिन हाल के समय में अडानी ग्रुप ने जहां पेट्रोकेमिकल सेक्टर में प्रवेश किया है तो वहीं रिलायंस ग्रुप ने भी ग्रीन एनर्जी सेक्टर में प्रवेश किया है। अब दूरसंचार क्षेत्र में अडानी समूह का प्रवेश करना दोनों के बीच पहली सीधी प्रतिस्पर्धा है। इस संबंध में अडानी ग्रुप की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। गौतम अडानी कंपनी अब अपनी 5जी सेवाओं में विस्तार कर सकेगी। इसके साथ ही इस सेक्टर में पहले से मौजूद दिग्गजों जियो, एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया जैसी कंपनियों को कड़ी टक्कर मिलने वाली है। गौरतलब है अडानी समूह ने हाल में संपन्न हुई 5जी स्पेट्रम नीलामी के दौरान 20 वर्षों के लिए 212 करोड़ रुपए में 400 मेगाहट्र्ज का स्पेक्ट्रम खरीदा था।

इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वालों के लिए खुशखबरी, नहीं होगा अब चार्जिग का झंझट, जानें क्या है मामला

नई दिल्ली (ईएमएस)। इलेक्ट्रिक कार या स्कूटर खरीदने की योजना बनाने वाले लोगों के लिए अच्छी खबर है कि अब उन्हें ईवी चार्जिंग से होने वाली परेशानियों से नहीं जूझना पड़ेगा। इसके लिए दिल्ली सरकार ने काम करना शुरू कर दिया है। सरकार ने दिल्ली में सिंगल विंडो फैसेलिटी के तहत एक साल से भी कम समय में 1000 चार्जिंग पॉइंट लगाने का काम पूरा कर लिया है। इनमें से बीएसईएस ने 315 जगहों पर 682 चार्जिंग पॉइंट, बीवाईपीएल ने 70 जगहों पर 150 और टाटा पावार दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड ने 50 जगहों पर 168 चार्जिंग पॉइंट लगाए हैं। इनमें से 59 फीसदी चार्जिंग पॉइंट्स आरडब्ल्यूए, 15 प्रतिशत ऑफिस परिसर, और 13 फीसदी ई रिक्शा पार्किंग में लगाए गए हैं। इन चार्जिंग पॉइंट्स के लिए दिल्ली सरकार सब्सिडी के तौर पर 60 लाख रुपये का खर्च भी करेगी। 2021 में दिल्ली सरकार

ने राजधानी में ईवी चार्जिंग के लिए सिंगल विंडो सिस्टम शुरू किया था। इसके तहत अपार्टमेंट्स, ग्रुप हाउसिंग सोसायटी, कमर्शियल प्लेस, सार्वजनिक इमारतों, मॉल जैसी जगहां पर चार्जिंग पॉइंट्स लगाए जाने थे। सिंगल विंडो के तहत दिल्ली का कोई भी निवासी अपने परिसर में डिस्कॉम के पैनल में शामिल विक्रेताओं से चार्जिंग पॉइंट लगाने के लिए कह सकता है। वहीं इसमें लिए अलग बिजली कनेक्शन का भी आवेदन किया जा सकता है। दिल्ली में मौजूद 3 बिजली प्रोवाइडर्स ये सुविधा दे रहे हैं। दिल्ली में ईवी पॉलिसी में स्लो चार्जिंग पॉइंट लगाने के लिए 6000 रुपए की सब्सिडी मिलती है। इसके बाद ईवी चार्जर की कीमत केवल 2500 रुपए आती है। इसमें चार्जर, इंस्टॉलेशन और तीन साल की मेंटेनेंस भी शामिल है। चार्जिंग पॉइंट इंस्टॉलेशन की रिक्वेस्ट के 7 दिन के अंदर निर्धारित जगह पर चार्जर लगा दिया जाता है। इसके साथ ही इसकी सर्विस भी समय समय पर की जाती है।

नई इलेक्ट्रिक एसयूवी कार की प्री-बुकिंग शुरू

नई दिल्ली (ईएमएस)। नई इलेक्ट्रिक एसयूवी को भारतीय बाजार में पेश कर दिया गया है। कंपनी ने कार की कीमत की घोषणा नहीं की है लेकिन इस कार के लिए प्री-बुकिंग शुरू हो गई है। कंपनी ने कहा है कि इस कार के लिए आगामी जनवरी में बुकिंग्स शुरू हो जाएंगी। लगभग 30 लाख (एक्स-शोरूम) की अनुमानित कीमत के साथ, एटीटीओ 3, हुंडई केओरएनए ईवी और एमजी जेड-एस ईवी को टक्कर देगी, जिनकी कीमत क्रमशः 23.84 लाख रुपए, 24.03 लाख रुपए और 22.58 लाख से 26.50 लाख रुपए के बीच है। उपरोक्त सभी कीमतें एक्स-शोरूम हैं। नई बीवायडी इलेक्ट्रिक एसयूवी को 49.92केडब्लयूएच बीवायडी ब्लेड बैटरी और 60केडब्ल्यूएच बैटरी पैक विकल्पों के साथ उपलब्ध कराया गया है। जबकि पूर्व में 345 किमी की रेंज देने का दावा किया गया है। वहीं बड़ी बैटरी वाला वेरियंट 521 किमी तक रेंज सिंगल चार्ज में ऑफर करेगा। इसमें कनेक्टिविटी के साथ 12.8-इंच रोटेटिंग टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम है।

महिंद्रा की एक्सयूवी400 लॉन्च करने की तैयारी

-कई ब्रांड्स अपनी ईवी लॉन्च करने की कर रहे है तैयारी

नई दिल्ली (ईएमएस)। जानी-मानी स्वदेशी कंपनी महिंद्रा एक्सयूवी400 लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। यदि हम चीनी बाजार पर एक नजर डालें, तो हम बिक्री चार्ट के शीर्ष पर वूलिंग होंगगुआंग मिनी ईवी देख सकते हैं। वीडब्ल्यू को भी मात देता है। यह मिनी ईवी और वूलिंग एयर ईवी बहुत निकट से संबंधित हैं। इतना ही नहीं ये दो इलेक्ट्रिक वाहन, बाउजुन ई100, ई200 और ई300 भी आपस में जुड़े हुए हैं।ये छोटे इलेक्ट्रिक वाहन चीन में बहुत लोकप्रिय हैं। जुलाई 2022 के महीने में अकेले वुलिंग हांगिंग मिनी ईवी की 56,609 यूनिट्स की बिक्री हुई। एमजी एयर ईवी एक टू-डोर इलेक्ट्रिक हैचबैक है जो चीन में सिटी कम्यूट को टारगेट करती है, और भारत में भी ऐसा होने की संभावना है। महिंद्रा ने माइक्रो ईवी सेगमेंट में ई2ओ और ई2ओ प्लस के साथ नाम बनाने का प्रयास किया, लेकिन शुरूआती

वर्षों में उसे ज्यादा सफलता नहीं मिली। एमजी एयर ईवी के 2 वेरिएंट हैं, एक स्टैंडर्ड व्हील बेस और एक लॉन्ग व्हील बेस। एसडब्ल्यूबी की लंबाई 2,599 मिमी और लॉन्ग व्हील बेस की लंबाई 2,974 मिमी है। लंबाई चाहे जो भी हो, चौड़ाई 1,505 मिमी है और 1,631 मिमी लंबा है। सीटिंग लेआउट अलग है जिसमें एसडब्ल्यूबी वेरिएंट को सिर्फ 2 सीटें मिलती हैं, और लॉन्ग व्हील बेसवेरिएंट में 4 सीटें मिलती हैं। चीन में, एयर ईवी को सिंगल-स्पीड ऑटोमैटिक यूनिट के साथ 30 केडब्ल्यू (40 बीएचपी) और 50 केडब्ल्यू(67 बीएचपी) मोटर विकल्प मिलते हैं। एमजी एयर ईवी की भारत में जासूसी, रियर टेलगेट माउंटेड स्पेयर व्हील मिलता है। बता दें कि एमजी जेडएस ईवी के साथ कंपनी ने भारत के इलेक्ट्रिक कार मार्केट में दस्तक दी थी। अब कंपनी इस सेगमेंट में अपनी स्थिति भारतीय बाजार में और मजबूत करना चाहती है। वर्तमान में कई ब्रांड्स अपनी ईवी लॉन्च करने की तैयारी कर रही है।

अगले कुछ दिनों में होगी धड़ाधड़ नई बाइक लॉन्च

-सभी प्रमुख ऑटो कंपनियां कर रही तैयारी

नई दिल्ली (ईएमएस)। आगामी कुछ दिनों में धड़ाधड़ नई बाइक लॉन्च होने वाली हैं। बजाज ऑटो, टीवीएस मोटर कंपनी, होंडा, हीरो मोटोकॉर्प, रॉयल एनफील्ड, केटीएम, कावासाकी, हस्कवर्ना समेत तमाम कंपनियां नई लॉन्चिंग के लिए तैयार हैं। बिक्री आंकड़ों से भी कंपनियां खासी उत्साहित दिख रही हैं। सितंबर में ऑटो सेल्स के नंबर काफी अच्छे रहे हैं। इसी महीने 12 अक्टूबर को टीवीएस अपाचे आरटीआर 310 लॉन्च हो सकती है। इस महीने की आखिर तक हीरो मेस्ट्रो जूम110 लॉन्च हो सकती है। इसकी गाड़ी की कीमत 75,000 रुपये हो सकती है। नई पल्सर एन के बाद, नई पल्सर एन150 को कई बार टेस्टिंग के दौरान देखा गया है। लीक तस्वीरों के अनुसार एन150 का डिजाइन एन160 से मिलता-जुलता है। डूकाटी मल्टी स्ट्राडा वी4 पीकेस पीक को भी अक्टूबर 2022 में लॉन्च किया जा सकता है। डुकाटी का प्रमुख एडीवी ब्रांड के 1158सीसी ग्रांटुरिस्मो वी4 इंजन द्वारा संचालित होगा जो

170पीएस और 125एनएम का जनरेट करता है। बाइक का वजन 214केजी है और इसमें हाई-टेक इलेक्ट्रॉनिक्स मिलेगा। इसकी कीमत 28 लाख रुपये, एक्स-शोरूम के आसपास हो सकती है। अगले महीने हार्ले डेविडसन की किफायती मोटरसाइकल हार्ले डेविडसन 350 भी लॉन्च हो सकती है, जिसकी कीमत 2.50 लाख रुपये हो सकती है। इसके साथ ही आगामी 20 अक्टूबर को कावासाकी डब्ल्यू175 लॉन्च हो रही है, जिसकी कीमत 1.75 लाख रुपये हो सकती है।इस महीने भारत में कई इलेक्ट्रिक बाइक भी आने वाली हैं। इनमें पहला नाम है अल्ट्रावायलेट एफ 77 का। इसकी कीमत 3 लाख रुपये हो सकती है। वहीं, हस्क्वार्ना स्वाटपीलेन 125 भी लॉन्च के लिए लाइनअप है। इसकी कीमत 1.35 लाख रुपये हो सकती है. केटीएम 890 डूक अगले महीने लॉन्च होगी, जिसकी कीमत 8 लाख रुपये हो सकती है। अगले महीने, यानी अक्टूबर में ही होंडा सीबीआर 500आर भी लॉन्च हो सकती है, जिसकी कीमत 4.99 लाख रुपये हो सकती है। बता दें कि त्योहारी सीजन ऑटो सेक्टर के लिए सबसे अच्छा समय होता है। रिकॉर्ड गाड़ियां इस दौरान बिकती है। चाहें वो चारपहिया हो या दोपहिया। इसी दौरान कंपनियां नई नई गाड़ियां भी लॉन्च करती हैं।

दैनिक पंचांग

13 अक्टूबर 2022 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	कन्या में	तुला	06.19 बजे से
चंद्र	वृष में	वृश्चिक	08.34 ब.से
मंगल	वृष में	धनु	10.50 बजे से
बुध	कन्या में	मकर	12.55 बजे से
गुरु	मीन में	कुंभ	14.42 बजे से
शुक्र	कन्या में	मीन	16.15 बजे से
शनि	मकर में	मेष	17.45 बजे से
राहु	मेष में	वृष	19.25 बजे से
केतु	तुला में	मिथुन	21.23 बजे से
राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक		कर्क	23.37 बजे से
		सिंह	01.53 बजे से
		कन्या	04.05 बजे से

गुरुवार 2022 वर्ष का 286 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2079 **शक संवत्** 1944 **मास** कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्थी 03.09 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** कृत्तिका 18.41 बजे को समाप्त। **योग** सिद्धि(असृक) 13.54 बजे को समाप्त। **करण** बव 14.30 बजे तदनन्तर बालव 03.09 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 17.1 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 07° 41' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871400 **जूलियन दिन** 2459865.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2548 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 16 **विशेष** संकष्टी गणेश चतुर्थी, करवा चौथ व्रत, विश्व दृष्टि दिवस।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
शुभ	05.54 से	07.22 बजे तक	अमृत	05.40 से	07.11 बजे तक
रोग	07.22 से	08.51 बजे तक	चर	07.11 से	08.43 बजे तक
उद्वेग	08.51 से	10.19 बजे तक	रोग	08.43 से	10.15 बजे तक
चर	10.19 से	11.47 बजे तक	काल	10.15 से	11.47 बजे तक
लाभ	11.47 से	01.15 बजे तक	लाभ	11.47 से	01.19 बजे तक
अमृत	01.15 से	02.43 बजे तक	उद्वेग	01.19 से	02.51 बजे तक
काल	02.43 से	04.11 बजे तक	शुभ	02.51 से	04.23 बजे तक
शुभ	04.11 से	05.40 बजे तक	अमृत	04.23 से	05.55 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

आज का राशिफल

शुभ संवत 2079, शाके 1944, सौम्य गोष्ठ, कार्तिक कृष्ण पक्ष, शरद ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, पूर्वे शुक्रास्त पूर्वे, तिथि चतुर्थी, गुरुवासरे, कृतिका नक्षत्रें, सिद्ध योगे, वव करणे, वृष की चंद्रमा, श्री गणेश चौथ व्रत, चंद्रोदय रात्रि 7.40 करवा चौथ व्रत, दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ होवेगी।

आज जन्म लिए बालक का फल..... .

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल तथा स्वाभिमानी, कुशल वक्ता, शासक-प्रशासक, सोना-चांदी का व्यापारी, चूने का व्यापारी, छुई तथा माइनिंग का व्यापारी होवेगा।

मेष :- इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे, प्रयास जारी रखें प्रयत्नशीलता से लाभ होगा।

वृष :- समय पर सोचे हुए कार्य निपटा लेवें, कार्य तत्परता से लाभ अवश्य ही होगा।

मिथुन :- मनोबल उत्साहवर्धक रहेगा, व्यवसायिक क्षमता में वृद्धि होगी तथा कार्य संतोष होगा।

कर्क :- परिश्रम से सफलता सम्भव रहे, सामर्थ्य के अनुसार प्रयास अवश्य करें, लाभ होगा।

सिंह :- कार्यवृत्ति में सुधार, चिन्ताएह कम हों, सफलता के साधन जुटायें, कार्य निपटा लेवें।

कन्या :- परिश्रम करने पर भी सफलता नहीं मिले, स्त्री वर्ग से तनाव व कष्ट अवश्य होगा।

तुला :- कुछ लोगों से मेल-मिलाप फलप्रद, क्षमता अनुकूल रहे, रुके कार्य अवश्य होंगे।

वृश्चिक :- स्वास्थ्य नरम रहे, चोटादि का भय, मनोबल उत्साहवर्धक होगा, कार्य अवश्य बनेंगे।

धनु :- कार्यकुशलता से संतोष, दैनिक कार्यगति में सुधार अवश्य ही होगा, कार्य बनेंगे।

मकर :- मनोबल उत्साहवर्धक होगा, इष्ट मित्र से परेशानी हो, किसी धोखे से बचकर रहे।

कुम्भ :- कार्य-व्यवसाय गति मंद होते हुए साधन सम्पन्नता अवश्य ही बनेगी।

मीन :- विघटनकारी तत्वों से परेशानी अवश्य होगी, कुछ अनावश्यक बाधायें सम्भव होंगी।

DELHI CRIME 13 oct 2022:Layout 1 10/12/2022 10:57 PM Page 6

राष्ट्रीय कोचिंग शिविर, वरिष्ठ खिलाड़ियों से सीखने का अच्छा मौका : पवन राजभर

बेंगलुरु, (हि.स.)। हॉकी इंडिया ने भुवनेश्वर में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2022-2023 सीजन के ओपनर की तैयारी के लिए 3 अक्टूबर 2022 से शुरू होने वाले राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए मुख्य संभावित समूह की घोषणा की है। खिलाड़ियों के समूह में मिडफील्डर पवन राजभर भी शामिल हैं, जिन्होंने इस साल की शुरूआत में जकार्ता में हीरो मेन्स एशिया कप 2022 में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में खेलने के अपने अनुभवों के बारे में, जहां कप्तान बीरेंद्र लाकड़ा के नेतृत्व में भारतीय टीम ने कांस्य पदक जीता, पवन ने कहा कि पहली बार भारतीय जर्सी को पहनना उनके लिए एक यादगार क्षण था। 24 वर्षीय पवन ने कहा,"पहली बार जर्सी प्राप्त करना मेरे लिए गर्व का क्षण था। भारत के लिए खेलना हमेशा से मेरा सपना था। टेलीविजन पर होने और आसपास के हॉकी प्रशंसकों द्वारा देखे जाने के पहले दो मैचों में मुझे बहुत दबाव महसूस हुआ। लेकिन पहले दो मैच के बाद मेरी नसें शांत हो गईं और मैंने खुद का आनंद लेना शुरू कर दिया।" टूर्नामेंट में पवन का अच्छा प्रदर्शन था क्योंकि उन्होंने चार गोल किए थे। उन्हें इंडोनेशिया और मलेशिया के खिलाफ दो बार प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। पवन ने कहा, "मेरे लिए बीरेंद्र लाकड़ा और कोच सरदार सिंह के मार्गदर्शन में काम करना बहुत खुशी की बात थी, दोनों खेल के दिग्गज हैं। उन्होंने मेरी मदद की और मुझे सलाह दी कि दबाव से कैसे निपटा जाए। एक बार मैं स्वतंत्र रूप से खेलने लगा तो मैं अच्छा प्रदर्शन भी करने लगा। भारतीय जर्सी में अपना पहला गोल हासिल करना मेरे लिए एक अविस्मरणीय क्षण है क्योंकि मेरे माता-पिता ने मुझे टेलीविजन पर स्कोर करते हुए देखा था।" उत्तर प्रदेश के करमपुर जिले के रहने वाले पवन, बेंगलुरु के साई सेंटर में राष्ट्रीय कोचिंग शिविर का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं, क्योंकि उनका मानना है कि उन्हें सर्वश्रेष्ठ भारतीय खिलाड़ियों से सीखने को मिलेगा। वर्तमान में राष्ट्रीय खेलों में उत्तर प्रदेश के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे पवन ने कहा, "मैं वास्तव में राष्ट्रीय शिविर में भाग लेने और वहां अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हूं। वरिष्ठ भारतीय खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षण लेना निश्चित रूप से मेरे लिए सीखने का अनुभव होगा, जिन्होंने इतने लंबे समय तक अच्छा प्रदर्शन किया है।" उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि उन्हें स्पेन और न्यूजीलैंड के खिलाफ एफआईएच मेन्स हॉकी प्रो लीग 2022/23 मैचों के लिए भारतीय टीम का हिस्सा बनने का मौका मिलेगा, जो 28 अक्टूबर से 6 नवंबर के बीच होने वाले हैं। उन्होंने कहा, "मुझे उम्मीद है कि मुझे एफआईएच प्रो लीग में खेलने और मजबूत टीमों के खिलाफ खुद को परखने का मौका मिलेगा। मैं कड़ी मेहनत करना जारी रखूंगा और उम्मीद है कि जल्द ही मुझे मौका मिलेगा।"

सूर्यकुमार यादव एबी डिविलियर्स का भारतीय संस्करण : डेल स्टेन

नई दिल्ली, (हि.स.)। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की तारीफ करते हुए उन्हें पूर्व अफ्रीकी बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का भारतीय संस्करण बताया। स्टार स्पोर्ट्स के शो 'क्रिकेट लाइव' में स्टेन ने कहा, "वह उस तरह के खिलाड़ी हैं जो गेंद की गति का उपयोग करना पसंद करते हैं। जब कोई गेंदबाज पूरी गेंदबाजी करने की कोशिश करता है तो वह दूर भी जा सकते हैं, गेंद को बाईं ओर रख सकते हैं और गेंद की गति का अच्छी तरह से उपयोग कर सकते हैं। इसलिए, वह एक अद्भुत 360 डिग्री खिलाड़ी हैं, और मुझे एबी डिविलियर्स की याद दिलाते हैं। वह एबी डिविलियर्स का भारतीय संस्करण हैं।" स्टेन ने कहा, "आईसीसी टी-20 विश्व कप के मैच ऑस्ट्रेलिया के पर्थ, मेलबर्न जैसी जगहों पर खेले जाएंगे, जहां थोड़ी अतिरिक्त गति है। तो, आप गति का उपयोग कर सकते हैं, आप फाइन लेग पर, पीछे और पूरे मैदान पर हिट कर सकते हैं। सूर्या ने कुछ अद्भुत बैक फुट कवर ड्राइव और फ्रंट फुट से कुछ खूबसूरत कवर ड्राइव भी लगाए हैं। इसलिए, वह एक हरफनमौला खिलाड़ी है, और ऑस्ट्रेलिया में जहां विकेट इतने अच्छे हैं, वे एक बेहतरीन बल्लेबाज साबित होंगे।" डेल स्टेन ने श्रेयस अय्यर की भी प्रशंसा की, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच में मैच जिताने वाला शतक बनाया, स्टेन ने कहा, आप अपने खेल को बेहतर बनाने के लिए बहुत सी चीजों में परिवर्तन करते हैं, लेकिन जिस तरह से वह इस समय बल्लेबाजी कर रहे हैं, मुझे नहीं लगता, उन्हें बहुत कुछ बदलना होगा। वह शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं।" दक्षिण अफ्रीका के पूर्व ऑलराउंडर क्रिस मॉरिस ने ऑस्ट्रेलियाई पिचों पर अपने विचार साझा किए, उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया में विकेट आमतौर पर बल्लेबाजी करने के लिए बहुत अच्छे होते हैं। वहां बहुत अधिक गति और उछाल है। गेंद जितनी तेजी से बल्ले पर जाती है, उतनी ही तेजी से जाती है। इसलिए, ऑस्ट्रेलिया की परिस्थितियों को देखते हुए, यह काफी सुसंगत और तेज गेंदबाजों के पक्ष में काफी अच्छा होगा।" बता दें कि भारतीय टीम 23 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ अपने विश्व कप अभियान की शुरूआत करेगी।

विश्व टूर फाइनल्स से वापसी करेंगी सिंधु

नई दिल्ली (ईएमएस)। महिला बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने कहा है कि वह इस साल के अंत में विश्व टूर फाइनल्स से वापसी करेंगी। सिंधु अगस्त में बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान बाएं पैर में स्ट्रेस फ्रेक्चर के बाद से ही खेल से दूर हैं। इस ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ी ने कहा कि ब्रेक लेने दौरान मुझे लगता है कि यही उबरने का सही समय था, क्योंकि अगला साल काफी व्यस्त होने वाला है और लगातार टूर्नामेंट होंगे।" उन्होंने कहा, नकारात्मक पक्ष यह है कि चोट के कारण मुझे ब्रेक लेना पड़ा। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि आपको अपने शरीर का ध्यान रखना होगा और सुनश्चित करना होगा कि आप पूरी तरह फिट और ठीक रहें। आपको खेल के स्तर से निपटने के लिए खुद को फिट बनाए रखना होगा।" सिंधु ने कहा, जल्दी उबरना महत्वपूर्ण होता है। मैं बेहतर हो रही हूं और उम्मीद करती हूं कि दिसंबर में खेलना शुरू कर दूंगी।" सिंधु अब इस महीने डेनमार्क और फ्रेंच ओपन में हिस्सा नहीं हो पाएंगी जो बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 750 प्रतियोगिता है। वहीं विश्व टूर फाइनल्स का आयोजन 14 से 18 दिसंबर तक चीन के ग्वांग्झू में किया जाएगा। सिंधु ने कहा कि मैं डेनमार्क और पेरिस में नहीं खेल रही हूं। लेकिन उम्मीद करती हूं कि वहां खेल पाऊंगी। सिंधु ने कहा कि खिलाड़ियों के मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी की जाती है और इस बारे में बात करना महत्वपूर्ण है।

फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप : शुरूआती गलतियां हमें भारी पड़ गईं : कोच थॉमस डेननरबी

भुवनेश्वर, (हि.स.)। फीफा अंडर -17 महिला विश्व कप भारत 2022 के अपने पहले मैच में यूएसए से हारने के बाद, भारतीय अंडर -17 विश्व कप टीम के कोच थॉमस डेननरबी ने कहा कि खेल में शुरूआती गलतियाँ टीम को भारी पड़ गईं। उन्होंने कहा, "मेरा मानना है कि लड़कियां विरोधियों के सामने कुछ ज्यादा ही नर्वस थीं। यह उनका पहला विश्व कप मैच था और वे दबाव को नहीं संभाल सकीं। इस स्तर पर और ऐसे प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ भावनाओं को नियंत्रित करना बहुत कठिन है। डेननरबी ने कहा, हमने अब तक की सर्वश्रेष्ठ टीम के साथ खेला और यह वास्तव में हमारे लिए कठिन था। हम गेंद को पास करने या बिल्ड अप करने के लिए पर्याप्त आश्वस्त नहीं थे और उन्होंने खेल में कुछ शुरूआती गलतियाँ कीं जिसने वास्तव में हमारे प्रदर्शन को प्रभावित किया।" भारतीय टीम को अंडर -17 महिला विश्व कप के अपने पहले मैच में 8-0 से हार का सामना करना पड़ा और कप्तान अस्तम उरांव ने स्वीकार किया कि यूएसए के खिलाफ टीम से गलती हुई, उरांव ने कहा, "हां, हम जानते हैं कि हमने उनके खराब प्रदर्शन किया, उनकी गति, उच्च दबाव की रणनीति- सब कुछ काफी मजबूत था।" उन्होंने कहा, "हमने इस मैच से बहुत कुछ सीखा है और हम अपने अगले मैचों में उन क्षेत्रों पर काम करेंगे जहां पहले मैच में हमने गलती की थी।" जब कोच से पूछा गया कि वह खिलाड़ियों को हार से कैसे प्रेरित करेंगे, तो उन्होंने कहा, "कोच का चेहरा भी खिलाड़ी का चेहरा होता है। तो मैं मुस्कुराता रहूंगा और उन्हें हर संभव तरीके से सहारा दूंगा। मैंने लॉकर रूम में लड़कियों से बात की और कहा-'लड़कियों, सूरज निकलेगा और हमारी एक नई सुबह होगी। हमें हार को स्वीकार करना होगा और और मजबूत होकर वापसी करनी होगी।"

जयशंकर ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में बिताए कुछ पल, स्टीव वॉ से मिले

सिडनी (ऑस्ट्रेलिया), (हि.स.)। ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर पहुंचे भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को ऐतिहासिक सिडनी क्रिकेट ग्राउंड का दौरा किया। वो ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी और पूर्व कप्तान स्टीव वॉ से भी मिले। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर इस मुलाकात की कुछ तस्वीरें अपलोड की हैं। विदेश मंत्री जयशंकर ने स्टीव से ऐतिहासिक सिडनी क्रिकेट ग्राउंड के इतिहास के बारे में जानकारी भी ली। एस जयशंकर ने ट्वीट कर स्टीव वॉ के साथ अपनी तस्वीरें शेयर की और कैप्शन में लिखा कि "क्रिकेट एक ऐसा बांड है जो भारत और ऑस्ट्रेलिया को जोड़े रखता है। समय निकाला और लीजेंड क्रिकेटर स्टीव वॉ से मिला। मैं भारत के लिए उनकी भावना और अपने वॉर्म वेलकम की सराहना करता हूं।" उन्होंने यह भी कहा कि वॉ ने सचिन के साथ अपनी पुरानी यादों को भी साझा किया। स्टीव वॉ को ऑस्ट्रेलिया के सफल कप्तानों में से एक के तौर पर जाना जाता है। वह बतौर कप्तान भले ही भारत में कभी भी टेस्ट सीरीज न जीत पाए हों लेकिन वह भारत में सालों से परोपकारी कार्यों में अपना योगदान देते आए हैं। इससे पहले जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्लेस से कैनबरा में मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान उन्हें विराट कोहली द्वारा साइन की गई बैट गिफ्ट की थी। उल्लेखनीय है कि टीम इंडिया अभी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है। वहां 16 अक्टूबर से वर्ल्ड कप शुरू हो रहा है।

एकदिवसीय क्रिकेट में बदलाव करें ख्वाजा, जंपा

मेलबर्न (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने कहा है कि एकदिवसीय क्रिकेट में बदलाव करते हुए इसे पचास की जगह चालीस ओवरों का कर दिया जाना चाहिये। ख्वाजा के अनुसार इससे खेल का रोमांच बना रहेगा ओर टी20 क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता के बीच भी एकदिवसीय क्रिकेट में दर्शकों का उत्साह बना रहेगा। हाल के दिनों में कई दिग्गज क्रिकेटरों का मानना है कि टी20 क्रिकेट विश्व भर में लोकप्रिय हो रहा है। ऐसे में एकदिवसीय का भविष्य संकट में पड़ गया है। ख्वाजा हालांकि 50 ओवरों के प्रारूप को खत्म करने के पक्ष में नहीं है पर एडम जंपा इसमें कुछ बदलाव चाहते हैं। इंग्लैंड में 40 ओवरों के मैच खेले जाते हैं और ख्वाजा का मानना है कि ओवर की संख्या कम करना सही रहेगा।

उन्होंने कहा, अब 50 ओवरों का मैच कुछ लंबा लगता है। वहीं अगर यह 40 ओवर का तो 25 ओवर होने पर खिलाड़ी सोचेंगे कि अब केवल 15 ओवर बचे हैं और वह उसी तरह से अपने खेल में बदलाव करते हुए तेजी से खेलेंगे। वहीं जंपा ने भी ख्वाजा की बात का समर्थन करते हुए कहा कि एकदिवसीय प्रारूप को बेहतर बनाने के लिए इसमें कुछ बदलाव सही हैं। जंपा ने कहा, या तो ओवरों की संख्या कम की जाए या इसमें कुछ और बदलाव किए जाएं जिससे यह आकर्षण का केन्द्र बना रहे।

शमी ओर शार्दुल टी20 विश्व कप के लिए गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया रवाना होंगे

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी फिटनेस टेस्ट में पास हो गये हैं और अब वह गुरुवार को मोहम्मद सिराज, और शार्दुल ठाकुर के साथ टी20 विश्वकप में भाग के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना होगें। शमी को विश्व कप के लिए स्टैंडबाय खिलाड़ी के तौर पर रखा गया था पर मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के चोटिल होने के कारण अब उन्हें अंतिम ग्यारह में स्थान मिलना तय माना जा रहा है। वहीं एक अन्य स्टैंडबाय खिलाड़ी ऑलराउंडर दीपक चाहर अब तक पीठ में आये खिंचाव से उबर नहीं पाये हैं, इसलिए फिलहाल वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में ही रहेंगे। चाहर का विश्वकप तक फिट होना मुश्किल नजर आ रहा है। उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुई टी20 सीरीज के दौरान चोट लगी थी। ऐसे में चाहर की जगह पर शार्दुल को टीम में जगह मिलना तय नजर आ रहा है। वहीं दो और स्टैंडबाय खिलाड़ी श्रेयस अय्यर और रवि बिश्नोई अभी ऑस्ट्रेलिया नहीं जाएंगे और देश में ही रहेंगे। शमी , शार्दुल और सिराज के साथ ही एनसीए के डॉ नितिन पटेल भी ऑस्ट्रेलिया जायेंगे। टीम प्रबंधन के अनुसार शमी फिट हैं और जाने के लिए तैयार हैं। चोटिल होने के कारण उन्हें हाल में अभ्यास का कम अवसर मिला है पर अनुभवी होने के कारण उन्हें विश्वकप में गेंदबाजी करते हुए परेशानी आने की संभावना नहीं है। अनुभवी होने के कारण वह जानते हैं कि किस प्रकार लय हासिल की जाये। एक बड़ी चुनौती है लेकिन वह एक अनुभवी गेंदबाज है और जानता है कि उसकी क्या जरूरत है। वहीं चाहर अभी भी फिट नहीं हैं। इसलिए उनको लेकर कोई भी फैसला फिजियो करेंगे। वहीं आईसीसी दिशानिदेर्शों के अनुसार भाग लेने वाली टीमों के पास 9 अक्टूबर तक अपनी टीम में बदलाव करने का अवसर अब अह यह समय सीमा निकल गयी है। इसलिए अब टीम में किसी भी बदलाव से पहले आईसीसी की अनुमति लेने पड़ेगी। उसके बाद श्मी ओर शार्दुल को टीम में शामिल किया जा सकेगा। टी20 विश्व कप में भारतीय टीम का पहला मुकाबला 23 अक्तूबर को परंपरागत प्रतिद्विंदी पाकिस्तान से होगा।

ब्रिटेन में स्कॉटलैंड और आयरलैंड के बीच फीफा महिला विश्वकप फुटबॉल यूईएफ क्वालीफायर मुकाबलों में भाग लेती हुई खिलाड़ी। (फोटो-ईएमएस)

एशियाई एयरगन चैम्पियनशिप में दिव्यांश, इलावेनिल मेहुली और मेघना से पदकों की रहेगी उम्मीदें

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिव्यांश सिंह पंवार और इलावेनिल वलारिवान को दक्षिण कोरिया में होने वाली एशियाई एयरगन चैम्पियनशिप में मेहुली घोष और मेघना सज्जनार के साथ 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में जगह मिली है। इसी स्पर्धा के व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व अर्जुन बबूता, किरण अंकुश जाधव और रुद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल करेंगे। एशियाई एयरगन चैंपियनशिप का आयोजन नौ से 19 नवंबर तक किया जाएगा। इसमें दिव्यांश 10 मीटर एयर राइफल जूनियर पुरुष व्यक्तिगत और टीम वर्ग में उतरेंग। उनके साथ टीम में श्रीकार्तिक साबरी राज और विदित जैन को जगह मिली है। वहीं इस वर्ग की जूनियर महिला व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में रमिता, नैंसी और तिलोतमा सेन हिस्सा लेंगे। एयर पिस्टल 10 मीटर पुरुष वर्ग की व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा के लिए शिव नरवाल, नवीन और विजयवीर सिद्धू को टीम में शामिल किया गया है। दूसरी ओर महिला वर्ग में युविका तोमर, रिद्धम सांगवान और पलक को टीम में जगह मिली है। युवा महिला 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व यशस्वी जोशी, कनिष्का डागर और हरनवदीप कौर करेंगे। युवा पुरुष वर्ग में संदीप बिश्नोई, साहिल और अमित शर्मा को टीम में शामिल किया गया है। एयर पिस्टल 10 मीटर जूनियर महिला टीम में मनु भाकर, ईशा सिंह और शिखा नरवाल के होने से भारत की व्यक्तिगत और टीम वर्ग में दावेदारी मजबूत है। वहीं इसी स्पर्धा के पुरुष वर्ग में सम्राट राणा, सागर डांगी और वरूण तोमर चुनौती पेश करेंगै।

एयर राइफल 10 मीटर मिश्रित टीम स्पर्धा में अर्जुन और मेहुली तथा किरण और इलावेनिल की जोड़ी चुनौती पेश करेगी। जूनियर मिश्रित टीम में दिव्यांश और रमिता तथा श्रीकार्तिक और नैंसी की जोड़ी उतरेगी। इसके अलावा एयर पिस्टल 10 मीटर मिश्रित टीम में शिव और युविका तथा नवीन और रिद्धम की जोड़ी पदक के लिए दावेदारी पेश करेगी जबकि जूनियर वर्ग में सम्राट और मनु तथा सागर और ईशा की जोड़ी की चुनौती होगी।

DELHI CRIME 13 oct 2022:Layout 1 10/12/2022 10:57 PM Page 7

हाईकोर्ट का फैसला, तेजिंदर बग्गा व कुमार विश्वास के खिलाफ एफआईआर खारिज

चंडीगढ़, (हि.स.)। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने भाजपा नेता तेजिंदर बग्गा तथा प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास के खिलाफ पंजाब में दर्ज एफआईआर रद्द करने के आदेश जारी कर दिए हैं। बुधवार को जारी इन आदेशों से पंजाब सरकार को झटका लगा है। पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा दोनों नेताओं के खिलाफ पंजाब के अलग-अलग पुलिस थानों में मामला दर्ज करने के बाद काफी हंगामा हुआ था। पंजाब में सत्ता परिवर्तन के कुछ दिनों बाद ही भाजपा नेता तेजिंदर बग्गा ने एक ट्वीट किया था। जिसके बाद मोहाली पुलिस ने उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। कुमार विश्वास पर रोपड़ में केस दर्ज किया गया था। जिसमें आरोप लगाया गया कि कुमार विश्वास ने अरविंद केजरीवाल को खालिस्तान समर्थक बताया। उनके इस बयान की वजह से पार्टी की छवि खराब हुई। केस दर्ज करवाने वाले का कहना था कि इसकी वजह से वह प्रचार करने गए तो उन्हें खालिस्तान समर्थक कहा गया। केस दर्ज होने के बाद पंजाब पुलिस कुमार विश्वास के गाजियाबाद स्थित घर भी पहुंची। उन्हें नोटिस भेज जांच में शामिल होने को कहा था। दिल्ली भाजपा नेता तेजिंदर बग्गा पर केजरीवाल को लेकर ट्वीट करने का केस दर्ज हुआ था। इसके बाद पंजाब पुलिस ने बग्गा को दिल्ली जाकर अरेस्ट कर लिया। इसके विरोध में बग्गा के परिवार ने दिल्ली में किडनैपिंग की शिकायत कर दी। दिल्ली पुलिस ने पंजाब पुलिस पर अपहरण का केस भी दर्ज कर लिया। जिसके बाद बग्गा को ला रही पंजाब पुलिस को हरियाणा पुलिस ने कुरुक्षेत्र में रोक लिया। फिर दिल्ली पुलिस आकर बग्गा को वापस दिल्ली ले गई। इस केस की सुनवाई करते हुए पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने कहा कि बग्गा द्वारा यह ट्वीट पंजाब में आकर नहीं किए गए। वहींए उनके ट्वीट भड़काऊ नहीं हैं। राजनीतिक लोग जिस तरह एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी करते हैं, इससे कोई उन्माद नहीं फैलता। उधर, हाईकोर्ट के फैसले के बाद कुमार विश्वास ने कहा कि बेबुनियाद एफआईआर को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। न्यायपालिका व मुझे प्यार करने वालों का आभार। कुमार विश्वास ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को संबोधित करते हुए लिखा कि प्यारे अनुज को पुनः सलाह कि पंजाब के स्वाभिमान को बौनी-नजरों से बचाए। खुद्दार पंजाब ने 300 साल में, दिल्ली के किसी असुरक्षित तानाशाह को अपनी ताकत से कभी नहीं खेलने दिया। पंजाब ने तुम्हारी पगड़ी को ताज सौंपा है। पंजाब के लोगों के टैक्स के पैसों व उनकी पुलिस का अपमान मत करो। ...पगड़ी संभाल जट्टा।

भाजपा के महेन्द्र भट्ट के नाम है शत-प्रतिशत चुनावी जीत दर्ज कराने का रिकार्ड

देहरादून, (हि.स.)। राजनीति में हार-जीत मायने तो रखती है लेकिन अपनी या पार्टी की जीत के लिए जो परिश्रम किया जाता है तो उसका जो फल सकारात्मक मिलता है। वह भी उतना ही महत्व रखता है। उत्तराखंड बनने के बाद भाजपा ने जिस तरह से हरिद्वार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में महत्वपूर्ण जीत हासिल की और जिला पंचायत के साथ-साथ ब्लाक प्रमुख पदों पर भी अपना परचम लहराया है। वह इसी बात का प्रमाण है। उत्तराखंड बनने के बाद भाजपा ने हरिद्वार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जो महत्वपूर्ण जीत हासिल की और जिला पंचायत के साथ-साथ ब्लाक प्रमुख पदों पर भी अपना ध्वज लहराया है। इसका श्रेय वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट के साथ-साथ महामंत्री संगठन अजेय कुमार को भी जाता है। जिन्होंने कुशल रणनीति बनाकर संगठन को यह अहम जीत दिलाई है। सच कहें तो महेन्द्र भट्ट ने चुनावी सारथी बनकर जीत दिलाने का जो अश्वमेध यज्ञ प्रारंभ किया है, वह पूर्णता को प्राप्त होने वाला है। हरिद्वार चुनाव परिणाम इस बात के प्रमाण माना जा रहा है कि भाजपा के लिए 2024 पूरी तरह सकारात्मक रहेगा। प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने बुधवार को बातचीत के दौरान कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता और संगठन के पदाधिकारी निरंतर के क्रम में कार्य करते रहते हैं। हमारे लिए चुनाव हो या न हो हम निरंतर अपने कार्य करते रहते हैं। देखा जाए तो महेन्द्र भट्ट के नाम जीत का जो श्रेय विभिन्न विधानसभा और लोकसभा चुनाव में रहा है वह निरंतर उत्तराखंड में भी जारी है। पिछले विधानसभा चुनाव भले ही हार गए हों लेकिन उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को यह जीत दिलाकर एक विशिष्ट कार्य किया है। महेन्द्र भट्ट को 8 राज्यों में लोकसभा और विधानसभा सीटों पर चुनाव प्रभारी बनकर भेजा गया था जहां उन्होंने शत-प्रतिशत विजय दिलाई है जो इस बात का प्रतीक है कि उनका योगदान उनकी रणनीतिक कुशलता और परिश्रम है ही उनका भाग्य भी इस मामले में काफी मजबूत है जो भाजपा के लिए चुनावी जीत का विश्वास बन गया है।

पुणे में फिर जली निजी बस, 29 यात्री बाल-बाल बचे

मुंबई, (हि.स.)। पुणे जिले भीमाशंकर शिंदेवाड़ी में बुधवार सुबह करीब सात बजे एक निजी बस में अचानक आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही बस में सफर कर रहे 29 यात्रियों को तत्काल बस से सुरक्षित उतार दिया गया, जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। पुलिस के अनुसार कल्याण से पुणे भीमाशंकर जा रही बस में आज सुबह भीमाशंकर के पास शिंदे वाड़ी इलाके में अचानक आग लग गई। इसकी जानकारी जैसे ही चालक को हुई, चालक ने तत्काल बस को सड़क के किनारे खड़ा कर दिया और स्थानीय नागरिकों की मदद से तत्काल सभी यात्रियों को बस से निकाल दिया। लेकिन देखते ही देखते आग पूरे बस में फैल गई और बस जल गई। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझा दी। फिलहाल शुरूआती दौर में आग लगने के कारणों का पता नहीं लग सका है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पिछले कुछ दिनों से पुणे-हाइवे पर बस में आग लगने की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। पिछले सप्ताह नासिक में एक निजी बस में आग लगने से 12 यात्रियों की मौत हो गई थी और 43 यात्री जख्मी हो गए थे।

गोवा तट पर नियमित उड़ान के दौरान मिग-29के दुर्घटनाग्रस्त, पायलट सुरक्षित

- बेस पर लौटते समय तकनीकी खराबी आने से विमान के क्रैश होने की जानकारी मिली
- घटना के कारणों की विस्तृत जांच के लिए बोर्ड ऑफ इंक्वायरी (बीओआई) का आदेश

नई दिल्ली, (हि.स.)। पणजी में गोवा तट पर बुधवार को सुबह बेस पर लौटते समय तकनीकी खराबी आने से एक लड़ाकू विमान मिग-29के दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान का पायलट बाहर निकलने में कामयाब हो गया, जिससे उसकी जान बच गई। भारतीय नौसेना ने इस मामले में जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। नौसेना ने एक आधिकारिक बयान में कहा है कि गोवा के समुद्र के ऊपर नियमित उड़ान के दौरान बेस पर लौटते समय मिग 29के में तकनीकी खराबी आ गई। इसका आभास होते ही पायलट ने सुरक्षित निकासी की, जिसके बाद लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बाद में तेजी से खोज और बचाव अभियान चलाया गया, जिसमें पायलट को खोज निकाला गया है। पायलट की हालत स्थिर है। इस दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए बोर्ड ऑफ इंक्वायरी (बीओआई) को आदेश दिया गया है। इससे पहले भी मिग-29 में उड़ान के वक्त हवा में तकनीकी खराबी आने की घटनाएं हुई हैं। नवंबर, 2020 में भी एक मिग-29के में उड़ान के दौरान खराबी आ गई थी। अरब सागर में हुई इस दुर्घटना में एक पायलट को घटना के तुरंत बाद बचा लिया गया था और दुर्घटना के 11 दिन बाद कमांडर निशांत सिंह का शव बरामद किया गया था। 23 फरवरी, 2020 को पक्षियों की चपेट में आने से एक विमान क्रैश हुआ था लेकिन दोनों पायलटों ने इजेक्ट करने से पहले जेट को रिहायशी इलाके से दूर कर दिया था। इसी तरह 16 नवंबर, 2019 को एक मिग-29 गोवा में ही क्रैश हुआ था लेकिन दोनों पायलट सुरक्षित बाहर निकल गए थे। भारतीय मिग-29के का पहला नुकसान 2018 में हुआ था।

उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी को मिले चुनाव चिन्ह मशाल पर समता पार्टी ने जताया हक

प्रदेश अध्यक्ष की चेतावनी- चुनाव आयोग के निर्णय न लेने पर जाएंगे सुप्रीम कोर्ट

मुंबई, (हि.स.)। उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी को मिले चुनाव चिन्ह मशाल पर बुधवार को समता पार्टी की प्रदेश इकाई ने अपना हक जताया है। समता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष तृणेश देवलेकर ने कहा कि उन्होंने चुनाव आयोग को ई-मेल भेज कर अपना विरोध व्यक्त किया है। अगर चुनाव आयोग ने सही निर्णय नहीं लिया तो वे इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करेंगे। तृणेश देवलेकर ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि मशाल चुनाव चिन्ह चुनाव आयोग ने उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी को दे दिया है, जबकि यह चुनाव चिन्ह समता पार्टी का है। एक ही चुनाव चिन्ह दो अलग-अलग राजनीतिक पार्टियां आखिर किस तरह उपयोग कर सकती हैं। चुनाव आयोग को उन्होंने इस संबंध में सारी जानकारी और शिकायत ई-मेल से भेज दी है। चुनाव आयोग उनकी शिकायत पर खुद कार्रवाई करेगा, लेकिन अगर कोई कार्रवाई नहीं गई की तो वे इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जाएंगे। उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के नेता और विधान परिषद के नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे ने कहा कि चुनाव आयोग ने उनकी पार्टी को यह चुनाव चिन्ह दिया है। इसलिए इस मामले में चुनाव आयोग को कार्रवाई करना है। इससे पार्टी का कोई लेना-देना नहीं है। दरअसल, दिवंगत कद्दावर कामगार नेता जार्ज फर्नांडिस ने 1974 में समता पार्टी का गठन किया था। उस समय चुनाव आयोग ने समता पार्टी को मशाल चुनाव चिन्ह दिया था लेकिन 2004 में पार्टी की मान्यता रद्द कर दिया था। इसी वजह से चुनाव आयोग ने मशाल चुनाव चिन्ह उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी को दिया है।

अयोध्या धाम में मुख्यमंत्री ने किया संत रामानुजाचार्य की मूर्ति का अनावरण

-संतों का सानिध्य भारतवर्ष को हर कालखण्ड में मिला : योगी आदित्यनाथ
-संतों ने मुख्यमंत्री योगी से लखनऊ का नाम लक्ष्मणपुरी करने की मांग की

अयोध्या, (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अयोध्या के निर्मोचन चौराहा स्थित राधा कृष्ण अम्मा मंदिर में रामानुजाचार्य की मूर्ति का अनावरण किया। अनावरण के मौके पर मुख्यमंत्री के साथ जगद्गुरु रामानुजाचार्य राघवाचार्य और जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीधराचार्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भारत ज्ञान की भूमि है। समय -समय पर भारत में आध्यात्मिक संतों का मार्गदर्शन मिला है। स्वामी रामानुजाचार्य ने समाज को दृष्टि दी थी। संतों का सानिध्य भारतवर्ष को हर कालखण्ड में मिला। संतों की इस परम्परा पर हमें गौरव की अनुभूति होती है। द्वैत-अद्वैत लक्ष्य पर पहुंचने के अलग-अलग मार्ग हैं। भारतीय मनीषा ने कभी नहीं कहा कि जो हम कह रहे हैं, वही धर्म है। महापुरुषों के द्वारा जो बताया गया, वही धर्म है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत लोक कल्याण के मार्ग पर चलने की हमें प्रेरणा देते हैं। जात-पात पूछे नहि कोई, हरि को भजे सो हरि को होई...। इस मार्ग से जब हम हटे तब विदेशी आक्रान्ताओं ने हमें कमजोर किया। हम सनातन धर्म को मजबूत कर एक भारत श्रेष्ठ भारत बनाने के साथ ही दुनिया को शांति का संदेश देंगे। संतों ने मुख्यमंत्री से लखनऊ का नाम लक्ष्मणपुरी करने का निवेदन किया। दक्षिण भारती की शैली में बने इस मंदिर में रामानुजाचार्य की 1000वीं जयंती पर मूर्ति स्थापित की गयी है। अयोध्या में रामानुजाचार्य की यह पहली मूर्ति है। मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम के अलावा श्रीराम मंत्र अर्थ मंडपम हर्षण नगर के श्रीराम मंत्र महायज्ञ रजत जयंती महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद अधिकारियों के साथ दीपोत्सव कार्यक्रम की समीक्षा बैठक करेंगे। इस अवसर पर महंत अवधेश दास बड़ा भक्तमाल, रसिक पीठाधीश्वर महंत जनमेजय शरण, अयोध्या सांसद लल्लू सिंह, अयोध्या के महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता और रुदौली के विधायक रामचन्द्र यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

हमारे सहयोगी संरक्षक एवम् ब्यूरो प्रमुख

प्रधान सम्पादक – नरेन्द्र कुमार

सहयोगी संरक्षक

अनिल सेठी

नरेश ए बाबू-कार्यकारी निदेशक

संपादन सहयोगी - मोहित शुक्ला

सदस्य एवं रिपोर्टर

•राजकुमार कश्यप (दिल्ली) •दीपक कुमार (पटियाला)
• वीरेन्द्र कुमार ठाकुर •वीरेंद्र सिंह बघेल (फरीदाबाद)
• अनीता सिंह •राम नाथ •मुकेश गुप्ता, मीनाक्षी निगम
•मोहम्मद शमशेर (दिल्ली) • मुकेश जोशी (उत्तराखण्ड)
• अशोक कुमार, काजल शर्मा (गुरूग्राम)
• अवध किशोर त्रिपाठी (अहमदाबाद)
•श्याम लाल (मेरठ) •रामनरेश सिंह (पडरौना, उत्तरप्रदेश)
•नवीन सुरेल, तालबहेट, ललितपुर, (झाँसी)
• ओम शुक्ला, मनीष शुक्ला, शिवम शुक्ला (कानपुर)
• ओमपाल वर्मा, इन्द्रमणी मंडल (रायपुर छत्तीसगढ़)
• फ्रूमू लामों सिलीगुड़ी, रोशन कुमार मिश्रा (पश्चिम बंगाल)
▪ पिंटू बनर्जी (पश्चिम बंगाल)

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक हैं।

समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री, लेख, रचनाओं, एवम् विज्ञापनों में लेखकों और विज्ञापन दाताओं के अपने विचार हैं। इसके लिए दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही मान्य होगा।

विशेष :- किसी भी परिस्थिति में निर्णय लेने का अधिकार केवल संपादक को है।

S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092

संपर्क – 011-35631400

Customer Care No.

8375000672

ADVERTISMENT RATE TARIFF PLAN

FULL PAGE | HALF PAGE | QUARTER PAGE

FULL FRONT PAGE	₹ 1,20,000/-
FULL INNER PAGE	₹ 60,000/-
FULL BACK PAGE	₹ 90,000/-
HALF FRONT PAGE	₹ 66,000/-
HALF PAGE INNER	₹ 36,000/-
HALF PAGE BACK	₹ 51,000/-
QTR. PAGE FRONT	₹ 36,000/-
QTR. PAGE INNER	₹ 21,000/-
QTR. PAGE BACK	₹ 30,000/-

Classifieds Ads. Per Column / 3 CM. Rs.2100/-
Visiting Card Size Advertisements:
Front Page Rs. 6000/- Back Page Rs. 4500/-
Inner Page Rs.3000/-

DELHI CRIME 13 oct 2022:Layout 1 10/12/2022 10:57 PM Page 8

कैटरीना कैफ की शादी पर ईशान खट्टर और सिद्धांत चतुर्वेदी ने ये दिया जबाव

मुंबई (ईएमएस)। बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ, ईशान खट्टर और सिद्धांत चतुर्वेदी की फिल्म फोन भूत का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है, इस देखने के बाद दर्शकों का कहना है कि ये फिल्म जबरदस्त होने वाली है। फोन भूत 4 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। लांच इवेंट के दौरान, कैटरीना के साथ सिद्धांत और ईशान भी मौजूद थे। इसी बीच उनसे सवाल किया गया कि क्या कैटरीना कैफ के विक्की कौशल के साथ शादी के बंधन में बंधने पर वे निराश थे? इसपर सिद्धांत कहते हैं, नहीं, नहीं। जहां उनकी खुशी है, वहीं मेरी खुशी है। ये सुनते ही सब हंसने लगते हैं। सिद्धांत से पहले ईशान खट्टर ने भी कैटरीना-विक्की की शादी पर रिएक्शन दिया। हंसकर ईशान कहते हैं, कि कैटरीना ने फिल्म साइन करने से पहले ही शादी कर ली थी।

हालांकि, वह उनकी शादी से ज्यादा उनके साथ काम करने के लिए अधिक रोमांचित थे। लांच के दौरान कैटरीना से एक फनी सवाल भी किया गया। अभिनेत्री से उस सेलेब्रिटी के बारे में पूछा गया था जिसे वह एक दिन के लिए भूत के रूप में देखना चाहेंगी। कैटरीना ने तुरंत प्रियंका चोपड़ा का नाम सुझाया। अपनी पसंद के पीछे का कारण बताकर कैटरीना ने कहा कि वह सीखना चाहती हैं कि प्रियंका इतना काम कैसे करती हैं। कैटरीना ने खुलासा किया कि फोन भूत के ट्रेलर पर उनके पति और बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल का क्या रिएक्शन था। वह कहती हैं, उन्हें लगता है कि फिल्म में वह सब कुछ है, जो एक दर्शक से कनेक्ट होने के लिए जरूरी है।

अगले साल अप्रैल में एक-दूसरे में हो जाएंगे सिद्धार्थ और कियारा आडवाणी

मुंबई (ईएमएस)। अभिनेता अली फजल और ऋचा चड्ढा के बाद अब एक और बॉलीवुड कपल के शादी की खबरें तेज हो गई। सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी अगले साल शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। दोनों के रिश्तों की चर्चा लंबे समय से चल रही है। हालांकि दोनों ने कभी खुलेआम इस स्वीकार नहीं किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अब दोनों अगले साल अप्रैल के महीने में सात फेरे लेकर साथ में नई जिंदगी शुरू करने जा रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक सिद्धार्थ और कियारा अगले साल अप्रैल के महीने में शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। दोनों अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात भी करते हैं। हाल ही में सिद्धार्थ और कियारा कॉफी विथ करण के सेट पर पहुंचे थे। इस दौरान करण से बात करते हुए दोनों ने शादी को लेकर डिप्लोमेटिक जवाब दिया था। हालांकि दोनों ने खुलकर इसकी पुष्टी नहीं की थी। लेकिन दोनों ने संकेत दिए थे, कि वे शादी के लिए तैयार हैं। इसतरह माना जा रहा है कि अगले साल दोनों शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। बता दें कि फिल्म शेरशाह के सेट पर सिद्धार्थ और कियारा की दोस्ती हुई थी। इसके बाद दोनों रिलेशनशिप में आए। लंबे समय से दोनों डेट कर रहे हैं। दोनों के रिश्ते की चर्चा भी आए दिन मीडिया में चलती रही है। दोनों ने अपने रिश्ते को लेकर कभी इंकार भी नहीं किया है। साथ ही पार्टीज में दोनों अक्सर साथ में दिखाई देते हैं। इसके बाद माना जा रहा है कि दोनों अब रिश्ते को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं और अगले साल शादी करने वाले हैं। बता दें कि सिद्धार्थ और कियारा ने करण को अपनी शादी में आने के लिए आमंत्रित भी किया था। कियारा ने कहा था कि वे सिद्धार्थ से शादी के लिए तैयार हैं। साथ ही कियारा ने शाहिद कपूर और करण जौहर को डोला रे गाने पर उनकी शादी में नाचने को भी कहा था।

उर्वशी रौतेला ने ऑस्ट्रेलिया पहुंच शेयर की फोटों, यूजर ने कहा इनका अलग विश्वकप चल रहा

मुंबई (ईएमएस)। बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी एक और नई तस्वीर शेयर की हैं। इस तस्वीर में उर्वशी बिल्कुल सुहागन की तरह सजकर लाल साड़ी में पोज देती हुई दिख रही हैं। मांग में सिंदूर, माथे पर बिंदी, गले में मंगलसूत्र और हाथ में गोल्डन चूड़ियां डाले वह कैमरे के लिए पोज देती हुई दिख रही हैं। इस फोटो को शेयर करते हुए उर्वशी रौतेला ने कुछ ऐसा लिखा है, जिससे वह ट्रोल के निशाने पर आ गई हैं। उर्वशी ने लिखा है, प्रेम में पड़ी प्रेमिका को, सिदूंर से प्रिय कुछ नहीं होताङ्ग सारी रस्म रिवाज के साथ चाहिए, उम्रभर का साथ पिया तुमसे..उर्वशी को इस कैप्शन को सोशल मीडिया यूजर्स उनके पूर्व प्रेमी क्रिकेटर ऋषभ पंत से जोड़कर उन्हें फिर ट्रोल करने लगे हैं। बता दें कि उ-र्वशी इन दिनों ऑस्ट्रेलिया में हैं, जहां से वह लगातार अपनी तस्वीरें शेयर कर रही हैं। भले ही वह तस्वीरों में उर्वशी बेहद प्यारी दिख रही हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया से फोटो शेयर करने की वजह से वह सोशल मीडिया पर लगातार ट्रोल हो रही हैं। अब आप सोच रहे हैं कि इसमें ट्रोल होने की वजह क्या है। दरअसल, उर्वशी ऑस्ट्रेलिया से फोटो शेयर करने की वजह से नहीं बल्कि अपने पूर्व प्रेमी ऋषभ पंत की वजह से ट्रोल हो रही हैं। इन दिनों ऋषभ पंत 16 अक्टूबर से शुरू होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप 2022 के लिए इंडियन क्रि-केट टीम के साथ पहुंचे हुए हैं। इसके बाद लोगों को ऑस्ट्रेलिया में उर्वशी रौतेला का होना थोड़ा खल रहा है। दोनों के अफेयर की अटकलें एक बार फिर से तेज हो गई हैं। उर्वशी की पोस्ट पर यूजर्स ने लिखा है, लगता है ऋषभ के प्यार में पागल हो गई हैं। एक दूसरे ने लिखा, क्या ऋषभ भाई आप भी कर लो शादी भाभी अच्छी है क्या इतना तकलीफ देना। तीसरे यूजर ने लिखा, वर्ल्ड कप सिर पर है, दीदी ये शायराना अंदाज बाद में दिखा देना आरपी छोटू भईया। चौथे ने लिखा दिया, मेंटल हेल्थ तो ठीक है ना। एक और यूजर्स ने लिखा है, इनका अलग ही विश्वकप चल रहा है। बता दें कि उर्वशी और पंत ने एक दूसरे को साल 2018 में डेट करना शुरू किया था, लेकिन दोनों का रिश्ता जल्द ही टूट गया था। साल 2019 में पंत ने अपनी गर्लफ्रेंड ईशा नेगी के साथ तस्वीर शेयर कर अपने रिश्ते के बारे में बताया था। इसके बाद उर्वशी और पंत के रिश्ते में काफी खटास आ गई थी। हाल ही में उर्वशी और पंत का जुबानी जंग सोशल मीडिया पर छाया रहा। अब उर्वशी ऑस्ट्रेलिया पहुंच कर सोशल मीडिया पर एक अलग ही बज क्रिएट कर रही हैं।

माधुरी अपनी फिल्म को मिली प्रतिक्रिया से है खुश

बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित अपनी फिल्म को अब तक मिली प्रतिक्रिया से खुश हैं। माधुरी फिल्म में एक समलैंगिक की भूमिका निभा रही हैं और उन्होंने इस विषय पर अपने विचार साझा किए। माधूरी की स्ट्रीमिंग फिल्म 'माजा मा' हाल ही में रिलीज हुई है। उन्होंने आगे कहा, "यह फिल्म प्यार, परिवार और स्वीकृति के बारे में है, लेकिन यह सब उपदेश के बिना कहा गया है। एक तरह से, माजा मा, लोगों को न्याय करने के लिए प्रोत्साहित करती है और दूस-रों को गले लगाने के लिए प्रोत्साहित करती है कि वे कौन हैं।" मजा मा हाल ही में प्राइम वीडियो पर रिलीज की गई है। एक्ट्रेस ने कहा, "माजा मा' साबित करती है कि बॉक्सिंग लोगों और पात्रों का युग खत्म हो गया है। पल्लवी का यौन रुझान उनकी पहचान के कई पहलुओं में से एक है। वह उससे कहीं अधिक है - एक शानदार डांसर, एक प्यारी मां, एक दोस्त और सबसे बढ़कर, एक इंसान जो अपने आसपास के लोगों को प्रेरित कर सकता है।"

दर्शक हैरान है कि लाल सिंह चड्ढा क्यों नहीं चली

-नेटफ्लिक्स पर मिल रहा दर्शकों को भरपूर प्यार

मुंबई (ईएमएस)। बालीवुड फिल्म लालसिंह चड्ढा को 6 अक्टूबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शित किया गया था। नेटफ्लिक्स पर फिल्म के रिलीज होने के बाद मिस्टर परफेक्शनिस्ट की फिल्म को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। दर्शक हैरान हैं कि आखिरकार आमिर खान और करीना कपूर स्टारर लाल सिंह चड्ढा सिनेमाघरों में लोगों को पसंद क्यों नहीं आई। इस फिल्म के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होते ही आमिर खान की फिल्म लाल सिंह चड्ढा ट्विटर पर ट्रेंड हो गई। लोग एक्टर की ट्विटर पर एक्टर और फिल्म दोनों की ही तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, मास्टरपीस, आज के जनरेशन की सबसे अच्छी फिल्म, जिसे कम आंका किया। कहानी से लेकर म्यूजिक तक हर चीज बहुत ही बेहतरीन थी। ये एक ऐसी फिल्म है जो दिल जीत लेगी। इस फिल्म पर लोग ट्विटर पर लगातार प्यार बरसा रहे हैं। एक अन्य यूजर ने लिखा, क्यों और किस वजह से ये फिल्म थिएटर में वर्क नहीं कर पाई, यह एक मास्टरपीस है। पूरी टीम को मेरी तरफ से एक सलाम। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि पब्लिक को केवल छपरी फिल्म देखना पसंद है। इस फिल्म के साथ अन्याय हुआ है। एक अन्य यूजर ने ये सवाल पूछा कि आखिर इस फिल्म को फ्लॉप क्यों कहा गया। उन्होंने लिखा, लाल सिंह चड्ढा फ्लॉप कैसे थी? फॉरेस्ट गंप के एडेप्शन को बहुत ही खूबसूरती से इस हिंदी फिल्म में उतारा गया है। मैं यही कहूंगा कि लोग नेटफ्लिक्स पर आप ये फिल्म जरुर देखिए।अन्य यूजर ने लिखा, इस फिल्म के वर्डिक्ट के बाद भी लाल सिंह चड्ढा का ये सीन बहुत ही खास है।

अंकिता ने बताया श्रद्धा के साथ कैसे हुई दोस्ती

छोटे परदे की अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने बताया कि कैसे वह और 'कुंडली भाग्य' की अभिनेत्री श्रद्धा आर्या मुंबई आने पर दोस्त बन गईं। झलक दिखला जा 4, एक थी नायक, स्मार्ट जोड़ी में नजर आ चुकीं और बागी 3 और मणिकर्णिकाः द क्वीन आफ झ-ांसी जैसी फिल्मों में भी काम कर चुकीं अभिनेत्री ने आगे कहा कि जब वह मुंबई आई तो श्रद्धा उनकी पहली दोस्त थी। अंकिता ने खुलासा किया कि वे हमेशा संपर्क में रहते हैं और वह 'जी रिश्ते अवार्डस' समारोह के दौरान उनके साथ प्रदर्शन करने के लिए बहुत उत्साहित थीं। अंकिता ने कहा, "नृत्य अद्भुत रहा, श्रद्धा के साथ इस अभिनय के लिए रिहर्सल के दौरान मेरे पास सबसे अद्भुत समय था। मुझे आज बताना है कि मेरा करियर 'इंडियाज बेस्ट सिनेस्टार की खोज' के बाद शुरू हुआ था और वह भी मेरे साथ शो का इसका हिस्सा थीं।"

'बिग बॉस 16' : सलमान ने शालिन को लिया आड़े हाथों

-सलाह दी कि वे शो में मेजबान बनने की कोशिश न करें

मुंबई (ईएमएस)। 'बिग बॉस 16' की प्रतियोगी शालिन भनोट को सलमान खान ने आड़े हाथों लिया। सलमान ने सलाह दी कि वे शो में मेजबान बनने की कोशिश न करें और सिर्फ एक प्रतियोगी बनें। बता दें कि हालिया एपिसोड के दौरान शालिन ने कहा कि अगर मेकर्स उन्हें एक दिन के लिए भी ऐसा करने की इजाजत देते हैं तो वह शो को होस्ट करना चाहेंगे। इसने मेजबान को नाराज कर दिया क्योंकि उन्होंने कहा, "आप यहां मेजबान बनने के लिए नहीं हैं, आप एक प्रतियोगी हैं और पहले एक अच्छा प्रतियोगी बनने की कोशिश करें।" इस बीच, 'बिग बॉस 16' के 'शुक्रवार का वार' एपिसोड में कई दिलचस्प कार्यक्रम देखने को मिले, जिसमें सलमान ने ढोल की थाप के साथ शो में प्रवेश किया और प्रतियोगियों गोरी नागोरी और सुंबुल तौकीर के साथ एक मजेदार बातचीत की। उन्होंने एक पार्टी की घोषणा की और अब्दु रोजिक, निमृत कौर अहलूवालिया और अन्य को आमंत्रित किया। हालांकि, अंकित गुप्ता, प्रियंका चाहर चौधरी, श्रीजिता डे, अर्चना गौतम, मान्या सिंह और गोरी नागोरी को पार्टी में आमंत्रित नहीं किया गया था। इसके अलावा, शालिन को अब्दू से उसके परिवार और ऊंचाई के बारे में पूछने के लिए भी ट्रोल किया जा रहा है। उन्होंने एपिसोड के दौरान कहा, "अगर आप बुरा न मानें तो क्या मैं आपसे एक निजी सवाल पूछ सकता हूं?" जैसा कि अब्दु ने उत्तर दिया "हां", शालिन ने कहा, "आपके माता-पिता की लंबाई अच्छी है या?" जिस पर अब्दू ने उत्तर दिया कि उस-के अलावा उसके परिवार के सभी सदस्य लंबे हैं।"

जिनसे उन्हें सही वाइब्स नहीं मिलती, उनसे अलग हो जाए

उन लोगों से पूरी तरह अलग हो जाएं, जिनसे उन्हें सही वाइब्स नहीं मिलती। यह कहना है अभिनेत्री प्रणिता का। एक्ट्रेस ने अपने प्रशंस-ाकों और फॉलोअर्स को यह सुझाव दिया है कि वे या तो एक कदम पीछे हट जाएं।हाल ही में इंस्टाग्राम पर, अभिनेत्री प्रणिता ने कहा, "यह विशेष रूप से प्रसवोत्तर मांओ के लिए है क्योंकि यह एक बहुत ही भावनात्मक और संवेदनशील चरण है जिसे कोई भी नहीं समझ पाएगा।" अपने व्यक्तिगत अनुभव से, उन्होंने कहां, "मैंने लोगों को खुश करने की कोशिश करने की गलती की है और यह कभी-कभी उलटा भी पड़ता है। आप किसी के साथ बाहर घूमने के लिए बाध्य नहीं हैं। मेरे पति भी बहुत खुश हैं इस तरह की चीजों के माध्यम से मेरा बहुत समर्थन किया गया है।" एक सलाह मैं नए मां को दे सकती हूं या वास्तव में, कोई भी । यदि आप को किसी से सही वाइब नहीं मिल रही है, सुनिश्चित करें कि आपने उन्हें अपने जीवन से काट दिया है या आप एक कदम पीछे हट जाएं।" "यह कठिन होगा।

कई बार लोग सोचते हैं कि क्या मैं उनसे 'बच' रही थी। लेकिन अगर यह आपको खुश करता है, तो इसे करें।

सूडोकु नवताल- 6220

★★★★☆ कठिन

4							1	8
			6	7				2
			8					
	8	5						
	2			1			7	
						3	5	
					5			
1				4	7			
9	6							4

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6219 का हल

1	9	7	4	8	6	2	3	5
4	5	3	9	1	2	7	6	8
2	6	8	7	3	5	9	1	4
5	3	1	2	7	9	4	8	6
9	2	4	8	6	1	5	7	3
7	8	6	5	4	3	1	9	2
3	4	9	6	2	7	8	5	1
6	7	2	1	5	8	3	4	9
8	1	5	3	9	4	6	2	7

शब्दजाल - 6967

सं	ज	य	मां	ज	रे	क	र	अ	झ	क
प	ज	ग	प	डी	रिं	पू	ना	जी	शा	सु
वि	ज	य	व	सं	जे	दि	श	त	ला	नी
वि	कु	र	अ	सी	ब	गां	प	वा	श	ल
ज	ति	म	न	ज	म	र	धी	डे	वी	गा
य	रं	न	प	व	ट	जा	ऐ	क	प	व
ह	र	लां	श	र्चे	ज	क	फ	र	ल	स्क
जा	बा	बा	म	म	क	छ	र	र	श	र
रे	स	य	य	व	दि	ने	श	मों	गि	या
द	ज	र	प	ति	रं	र्त	ऐ	बें	प	रु
वि	क	सा	गु	ल	मो	ह	म्म	द	प	क

शब्दजाल में रणजी ट्राफी में तिहरा शतक बनाने वाले 10 नाम ढूंढिए.नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

विजय मर्चेंट, सुनील गावस्कर, रमन लांबा, संजय मांजरेकर, गुल मोहम्मद, विजय हजारे, वसीम जाफर, दिनेश मोंगिया,अजीत वाडेकर, डी. जे. गांधी

शब्दजाल -6966 का हल

गु	मी	रा	कु	मा	रे	अ	फा	न	प	रा
ने	ला	क	प	इं	डो	र्जु	शि	या	ड़	म
अ	दा	म	ला	र	ग	न	द	द	प	वि
प्र	ग	ल	न	ब	दू	सिं	प	या	लि	ला
त	ण	अ	सौ	बी	जा	ह	कि	नि	ला	स
आ	इ	व	मो	व	आ	व	त	धि	लू	पा
ग	जी	ल	मु	व	प	जा	न	मा	प्र	स
र	रि	भा	र	ख	प	स	द	र	सा	वा
क	म	ल	ना	थ	र्जी	ज	जी	न	द	न
न	ट	व	र	सिं	ह	ब्रा	स	अ	प	श
ब	शि	वा	जी	पा	टि	ल	त्ता	प	क	र

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग-5920

	7	2		3		1
3	31		23	6	32	
6		4	1		7	5
1	30		33	4	36	
2		7			6	3
	35		35	7	37	
	6	5	3		2	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5919 का हल

3	6	1	4	7	2	5
6	36	6	29	2	30	1
2	7	5	1	3	4	6
4	33	4	29	4	34	4
1	7	3	4	5	6	2
7	34	2	32	6	36	7
5	2	7	4	1	6	3

Jagrutidaur.com, Bangalore

स्वामी एवं संपादक इंद्रा द्वारा S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092 से जारी
Customer Care No:- 8375000672, For News & Advertisement- 8375000984, Email-info@delhicrimepress.in, Website- www.Delhicrimepress.in